''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 31 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## शिक्षा में नवाचार और टेक्नोलॉजी का समावेश होना जरूरी : राज्यपाल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा में नवाचार और टेक्नोलॉजी का समावेश होना जरूरी है। शिक्षण संस्थान भी चरित्र निर्माण पर फ़ोकस करते हुए विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य विकसित करें। राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को फरीदाबाद के अल-फ़लाह विश्वविद्यालय में नए अस्पताल भवन का उद्घाटन करने के साथ-साथ शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अव्वल रहे विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रशसति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने संबोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय में लडक्रों से ज्यादा



संख्या लड़कियों की है और आज जो सम्मानित हुए विद्यार्थी हैं उनमें भी लड़कियों की संख्या ज़्यादा है। लड़कियों को आगे बढ़ता देख अच्छा लगता है। आज हर क्षेत्र में लड़कियां अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षण के क्षेत्र में कोई भी उपाधि प्राप्त करने उपरांत विद्यार्थी रोजगार प्राप्ति का सोचते हैं लेकिन युवाओं को चाहिए कि वे नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेशन, रिसर्च और तकनीक को अपना कर स्टार्ट अप शुरू करें। उन्होंने विद्यार्थियों को भी आह्वान किया कि वे शिक्षा पूरी करके कहीं भी जाकर नौकरी करें, पैसा कमायें लेकिन अपने देश, प्रदेश और अपने गांव को ना भूलें। उन्होंने कहा कि निरंतर तकनीक व रिसर्च के क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को भी नई नई तकनीक रोबोटिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटर्नेट ओफ़ थिंग्स आदि को अपनाते हुए आगे बढना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इन तकनीक का इस्तेमाल करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 रोजगारोन्मुखी होने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर ज़ोर देती है। केंद्र सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को 2030 तक पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य रखा गया है जबकि हरियाणा सरकार इस नई शिक्षा नीति को 2025 तक लागू करने जा रही है।

## उद्यम और निवेश को प्रोत्साहन के लिए नीतियों का किया जाएगा सरलीकरण : नायब सिंह सैनी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए औद्योगिक संस्थानों व निवेश को प्रोत्साहन को लेकर नई पहल की जा रही है। बजट पूर्व परामर्श बैठकों में मिले सुझावों के आधार पर नीतियों का भी सरलीकरण किया जाएगा और वें स्वयं हर तीन महीने में उद्यमियों व निवेशकों के हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन सेंटर (एचईपीसी) से जुड़े विषयों की समीक्षा करेंगे।

मुख्यमंत्री आज फरीदाबाद में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विनिर्माण क्षेत्र से संबंधित हितधारकों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श (प्री बजट कंसल्टेशन) की छठी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखें। बैठक में प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम व पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**पूर्व बजट परामर्श बैठक में मिले सुझावों से बने सफल कार्यक्रम**

वित्त, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने कहा कि बजट पूर्व परामर्श बैठक के माध्यम से पूर्व में भी 407 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन्हीं सुझावों के आधार पर हरहित स्टोर, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्टेम लेब, सुपर 30 जैसे सफल कार्यक्रम बनाए गए। उन्होंने बताया कि बजट के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर तीन फरवरी तक सुझाव दिए जा सकते है।

## गुणवत्तापरक कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को करें ब्लैकलिस्ट : विपुल गोयल

**शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की ली बैठक: मंत्री विपुल गोयल**

**कैबिनेट मंत्री राव नरबीर भी रहे बैठक में मौजूद**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। यह निर्देश शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल ने हरियाणा निवास में प्रदेशभर के नगर निकायों के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में उद्योग और पर्यावरण मंत्री श्री राव नरबीर भी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ अधिकारी सप्ताह में एक बार फील्ड में जाकर रिपोर्ट लेना



सुनिश्चित करें। इससे अधीनस्थ अधिकारी हमें भ्रमित नहीं कर सकेंगे और हर विषय की अपडेट जानकारी हमारे पास होगी। उन्होंने कहा कि हम ऐसे विभाग से जुड़े हैं जिनके काम की लोग प्रतिदिन समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि जब सुबह लोग सैर के लिए निकलते हैं तो रास्तों में सड़कों पर गलियों में सफाई व्यवस्था देखकर हमारे विभाग की कार्यशैली की समीक्षा करते हैं।

**शहर और कस्बों में सफाई व्यवस्था पर दें विशेष ध्यान**

उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए हमारे पास संसाधनों और बजट की कोई कमी नहीं है। श्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को कहा कि विभाग से जुड़े कार्यों की निरंतर जिलों में भी समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि जल्दी ही वे स्वयं भी प्रत्येक जिले में जाकर कामों की समीक्षा करेंगे।

**बेसहारा गोवंश गौशालाओं में पहुंचाएं**

मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि शहर और कस्बों में बेसहारा घूमने वाले गोवंश को पकड़कर नजदीक की गौशालाओं में भेजें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गौशालाओं का पूरा रिकॉर्ड गौ सेवा आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है। किस गौशाला में कितने गोवंश को भेजा जा सकता है, यह जानकारी हमें गौ सेवा आयोग की साइट से मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विषय में सौ प्रतिशत काम होना चाहिए। इस विषय को सभी अधिकारी गंभीरता से लें।

**अधिकारियों की जवाबदेही तय हो**

मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि बड़े शहरों और कस्बों में बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। इसके साथ ही जो अधिकारी काम करने में लापरवाही बरते उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

**सीवर ओवरफ्लो की समस्या का करें समाधान**

मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश के कई बड़े शहरों में कुछ स्थानों पर सीवर ओवरफ्लो की शिकायतें मिल रही हैं। इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधाएं देने का कार्य करें। सीवरेज और पेयजल से सम्बंधित समस्या कहीं पर भी नहीं रहनी चाहिए।

**विभाग की जमीन से कब्जे हटवाएं**

मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि कहीं पर भी विभाग की जमीन पर कब्जे नहीं होने चाहिए। यदि किसी जगह पर किसी ने कब्जा किया हुआ है तो उसे हटवाएं। साथ ही विभाग की जमीन का लैंड रिकॉर्ड अपडेट करें। इस अवसर पर विभाग के कमिश्नर एवं सचिव श्री विकास गुप्ता के अलावा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर मामले पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज की तीखी प्रतिक्रिया

## यमुना का पानी हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पीकर दिखाया है : अनिल विज

**केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों में एक टेरर क्रिएट करने की कोशिश की - विज**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर मामले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मामला दर्ज हुआ है तो जांच होगी, वो (केजरीवाल) बताएं कि किसने मिलाया पानी में जहर, उनको बताना पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने यमुना का पानी पीकर दिखाया है। श्री विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने



कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों में एक टेरर क्रिएट करने की कोशिश की है, केजरीवाल को इसका जवाब तो देना होगा। दिल्ली में पंजाब सरकार की गाड़ी में कैश और शराब बरामद होने का मामला सामने आया है जिस पर मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि पंजाब से गाड़ी आई है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि पैसे कौन भेज रहा है, पंजाब में किसकी सरकार है, किसके पास पैसों का अंबार है, ये अंदाजा लगाया जा सकता है ?

उन्होंने कहा कि ये आप पार्टी वाले सुचिता की बात करते हैं लेकिन हथकंडे इस प्रकार के अपनाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा द्वारा बिजली बिल में अनाप शनाप चार्ज जोड़कर आम जन को लूटने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए मंत्री अनिल विज ने कहा कि हुड्डा जी इतने दिन मुख्यमंत्री रहे है, उनको समझ होनी चाहिए कि बिजली के दाम सरकार तय नहीं करती, बिजली के दाम इंडिपेंडेंट अथॉरिटी तय करती है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप सिलेबस में किए गए है कई बड़े बदलाव : शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए हरियाणा ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति व उसके नवीनकरण को स्कूली स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भारत विश्व गुरु बनेगा, इससे शिक्षा के क्षेत्र में विशेष बदलाव आएगा। शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने आज नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह, उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक राहुल हुड्डा, सेकेंडरी शिक्षा के निदेशक जीतेन्द्र कुमार, गुरुग्राम विश्वविद्यालय से राजीव, निदेशक



ऋषि गोयल, सुनील बज़ाज, एससीईआरटी से इंदु, जिला शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम कुलदीप मेहता, विशेष आमंत्रित सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का सपना है कि हरियाणा का युवा हिन्दी अग्रेजी तक ही सीमित न रहे, बल्कि युवा अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं को भी सीखे, विभाग दूसरी भाषाओं को सिखाने के लिए विचार कर रहा है, जो विदेशी भाषाओं की आवश्यकता होगी उन पर विभाग कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से मजबूत रहा है, लेकिन दूसरी पार्टी के कार्यकाल में पीड़ा, दर्द और दंश भी झेले है, लेकिन अब शिक्षा को लेकर सरकार का विशेष फोकस है। जिन लोगों ने शिक्षा के सिस्टम को तहस नहस करने का काम कि वे आज कुछ भी आरोप लगा सकते है। लेकिन नई शिक्षा नीति से देश में एक बड़ा बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को जो वातावरण चाहिए वो उपलब्ध करवा रहे हैं। उन्होंने स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने, अध्यापकों की कमी को दूर करने के साथ स्कूल के वातावरण को सुधार पर भी कार्य किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज की बैठक में शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई है, जो खामियां रही है उन्हें दूर किया जाएगा। हरियाणा ने एक वर्ष के दौरान शिक्षा नीति को लागू करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सबसे बड़ा पहलू नए सिलेबस के अनुसार नई पुस्तकें लागू करने का है। पहली से तीसरी कक्षा तक एनईपी अलाईड बुक्स स्कूलों में लगाई जा चुकी है। नए शैक्षणिक सत्र से छठी कक्षा की एनईपी अलाईड बुक्स नई शिक्षा नीति के अनुरूप होगी। एनसीईआरटी से जो भी पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएगी उन्हें तत्काल लागू कर दिया जाएगा।

## निगम क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम प्रयासरत : ए मोना

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**



**फरीदाबाद।** निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने निगम क्षेत्र के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अपने एरिया में पहुंचकर शहरवासियों की स्वच्छता व्यवस्था,आवारा मवेशियों को हटाने और सड़को पर सिवरेज व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे,ताकि नागरिकों को कोई असुविधा महसूस न हो। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने निगम क्षेत्र ने सभी जॉइंट कमिश्नर,सभी एक्सईएन और सेनिटेशन विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अपने एरिया में सुनिश्चित करेंगे कि रोड के साथ खुले में पड़े सी एंड वी वेस्ट , तो कहीं रोड पर सीवर लीकेज तो नहीं है,आवारा पशुओं को हटवाने और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे और जहां जहां व्यवस्था खराब दिखाई देती है उसे तुरंत प्रभाव से समाधान कराएं। कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि निगम क्षेत्र में नागरिकों को स्वच्छता के साथ साथ सीवर और पानी को लेकर आने वाली समस्याओं का समाधान करना निगम का कार्य है जिसे बेहतर तरीके से करवाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनसेवा के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में निगम के अधिकारी भी समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को निष्ठा के साथ समाधान कर आमजन को लाभ पहुंचा रहे हैं।

## सिरसा के दक्षिण बाइपास को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने नितिन गडकरी को लिखा पत्र

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा के दक्षिण बाइपास निर्माण को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर कहा कि इसके निर्माण से एक ओर जहां सिरसा शहर को यातायात जाम से निजात मिलेगी वहीं राजस्थान की ओर आने-जाने वाले वाहन चालकों को आसानी होगी। साथ ही यह बाइपास बाद में जालंधर-तारानगर हाईवे का हिस्सा बन जाएगा। कुमारी सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके लोकसभा क्षेत्र सिरसा में दक्षिणी बाइपास का प्रस्ताव पिछले कई वर्षों से सरकार के समक्ष सक्रिय रूप से विचाराधीन है। हिसार,



बरनाला-डबवाली, बरनाला-मानसा और फतेहाबाद से सिरसा होते हुए राजस्थान के नोहर, भादरा, हनुमानगढ़ और सिरसा से ऐलनाबाद जाने वाले वाहनों को सिरसा शहर के बीच से होकर गुजरना पड़ता है, जिसके कारण शहर में हमेशा ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे वाहन चालकों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी काफी असुविधा होती है। यहां तक कि कई बार एंबुलेंस भी इस जाम में फंस जाती है, जिससे मरीज की कीमती जान खतरे में पड़ जाती है। कुमारी सैलजा ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2018 में गांव बाजेकां (सिरसा) से जमाल (सिरसा) तक मिनी बाईपास (साउथ बाईपास) बनाने की घोषणा की थी साथ ही सरकार ने इसके लिए 10 करोड़ रुपए की राशि भी स्वीकृत की थी, लेकिन अधिकारियों ने इसे अपनी रिपोर्ट में इसे नकार दिया। ऐसी स्थिति में समस्या अभी भी बनी हुई है। सिरसा के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुमारी सैलजा ने केंद्रीय मंत्री से कहा है कि इस परियोजना को नए सिरे से शुरू किया जाए तथा व्यापक जनहित में प्रस्तावित साउथ बाइपास को शीघ्र स्वीकृत किया जाए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह परियोजना बाद में जालंधर-तारानगर हाईवे का हिस्सा बन जाएगी।

## ई-गवर्नेंस 2025 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के नामांकन हेतु 15 फरवरी तक करें आवेदन : डीसी

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ई- गवर्नेंस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाने है जिसके आवेदन की अंतिम तारीख 15 फरवरी शाम पांच बजे तक की है। आवेदन कर्ता भारत सरकार की वेबसाइट https://nceg.gov.in/ पर अपना आवेदन कर सकते है। आवेदन कर्ताओं को आवेदन करते समय एनेक्सचर -1 के बिंदु नंबर 4 पुरस्कार की श्रेणी के अनुसार आवेदन करके कार्यालय को सूचित करना सुनिश्चित करें और पुरस्कार के आवेदन से संबंधित किसी जानकारी या सहायता पाने के लिए डीआईओ विपिन गोयल फरीदाबाद (9953553500) पर दिए गए नंबर संपर्क कर सकते है।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**
**नोट: मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**
samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# डिंपल यादव का मिल्कीपुर में 10 किमी लंबा रोड शो

## गाड़ी के पीछे दौड़े कार्यकर्ता, सेल्फी लेने की होड़, एक घंटे फंसी रही एम्बुलेंस





**अयोध्या।** मिल्कीपुर में गुरुवार को सपा सांसद डिंपल यादव ने 10 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। उनके साथ खुली जीप में मछली शहर से सांसद प्रिया सरोज, कैराना सांसद इकरा हसन, अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद और सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद भी सवार हुए। रोड शो के दौरान डिंपल यादव की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब थे। कार्यकर्ता उनकी गाड़ी के पीछे दौड़ते नजर आए। सेल्फी लेने की युवाओं में होड़ मची रही। जगह-जगह फूल बरसाए गए। रोड शो से हाईवे पर जगह-जगह जाम लग गया। कुचेरा बाजार में एम्बुलेंस करीब 1 घंटे जाम में फंसी रही। डिंपल ने अपना रोड शो इनायतनगर खत्म किया। कहा- मिल्कीपुर के लोग बदलाव के लिए पहला कदम उठाएंगे। आप लोगों ने लोकसभा में जो संदेश संविधान को बचाने के लिए दिया था, वहीं आगे भी देना है। मिल्कीपुर भी जीत कर देश में इतिहास रचना है। भाजपा आम आदमी की आवाज को दबाना चाहती है। आप लोगों को डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि डटकर मतदान करने की जरूरत है। पहले, डिंपल ने कुमारगंज के महर्षि वामदेव तपोस्थली पर पूजा-अर्चना की। यहीं से रोड शो शुरू हुआ। इससे पहले, अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने के बाद डिंपल यादव ने महाकुंभ भगदड़ हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा- हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है। जिनकी मौत हुई है, उनके शव परिजनों को जल्द सौंपे जाएं। उन्होंने सरकार से मांग की कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। डिंपल यादव ने कहा- आप लोगों का एक-एक वोट संविधान को मजबूती देगा। क्योंकि मौजूदा सरकार के लोग संविधान को बदलना चाहते हैं। देश में परिवर्तन आए और सब लोग आगे बढ़ें। इसलिए मिल्कीपुर का चुनाव जीतना है, वो भी भारी वोटों से। सांसद भी चलने वाली है, बस एक संदेश जाएगा कि उत्तर प्रदेश के लोक तरक्की चाहते हैं, युवा नौकरी चाहते हैं। डिंपल यादव ने कहा- मौजूदा सरकार में महंगाई से लोग परेशान हैं। बच्चों को सही शिक्षा नहीं मिल पा रही है। सारी स्वास्थ्य सेवाएं ठप पड़ी हैं। बदलाव के लिए पहला कदम मिल्कीपुर के लोग उठाएंगे। आप लोगों ने लोकसभा में जो संदेश संविधान को बचाने के लिए दिया था, उसके लिए आप लोगों को धन्यवाद। मिल्कीपुर जीत कर देश में इतिहास रचने जा रहे हैं। भाजपा आम आदमी की आवाज को दबाना चाहती है। आप लोगों को डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि डटकर मतदान करने की जरूरत है। रोड शो के दौरान विजय रथ से डिंपल ने लोगों को संबोधित किया। कहा- आप लोगों का जिस तरह से समर्थन मिल रहा है, आपने मैनपुरी के रोड शो को भी पीछे छोड़ दिया। प्रशासन ने शाम 5 बजे तक की रोड शो की अनुमति दी है। इसलिए काफिले की स्पीड तेज कर दी गई है। डिंपल खुली गाड़ी से विजय रथ पर बैठ गई हैं। कार्यकर्ता उनके पीछे दौड़ते नजर आ रहे हैं। डिंपल का रोड शो रमेश नगर पहुंच चुका है। जहां सपा के वरिष्ठ नेता आनन्द सिंह मिंटू ने उनका भव्य स्वागत किया। डिंपल के साथ खुली गाड़ी में अजीत प्रसाद भी हैं। डिंपल यादव के रोड शो के कारण हाईवे पर जाम लगा हुआ है। कुचेरा बाजार के पास मरीज के साथ जाम में करीब एक घंटे तक एम्बुलेंस भी फंसी रही। विजय रथ के ऊपर सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद और सांसद अवधेश प्रसाद के साथ डिंपल यादव लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रही हैं। कुमारगंज से डिंपल का काफिला तेंधा बाजार पहुंचा। यहां पर लोगों ने डिंपल यादव का भव्य स्वागत किया। रोड शो के बीच डिंपल यादव खुला गाड़ी से विजय रथ पर सवार हो गई थीं। तेंधा में वह दोबारा खुली गाड़ी में बैठीं। मैनपुरी सांसद डिंपल यादव के रोड शो में हजारों की संख्या में सपा कार्यकर्ता शामिल हैं। जगह-जगह फूल की बारिश कर डिंपल यादव का स्वागत किया जा रहा है। उनको देखने के लिए लोग अपने-अपने घरों की छतों पर खड़े हैं। डिंपल लोगों से हाथ जोड़कर वोट करने की अपील कर रहीं हैं। समाजवादी पार्टी को हिंदुत्व का विरोधी बताने वाली भारतीय जनता पार्टी को सांसद डिंपल यादव ने जवाब दिया। रोड शो शुरू करने से पहले डिंपल कुमारगंज के महर्षि वामदेव आश्रम पहुंची। यहां पर पूजा अर्चना की। उसके बाद रोड शो के लिए रथ पर सवार हुईं। सपा सांसद डिंपल यादव का रोड शो शुरू हो गया है। यह रोड शो कुमारगंज बाजार से शुरू हुआ है। जो 10 किमी. लंबा होगा। सपा के पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन अपने समर्थकों के साथ रोड शो में शामिल हुए हैं। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से सपा सांसद डिंपल यादव सीधे महर्षि वामदेव की तपस्थली पहुंची। यहां पर उन्होंने पूजा अर्चना की। इसके बाद वह रोड शो शुरू करेंगी। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर बोली सपा सांसद डिंपल यादव कहा, हमारे प्रत्याशी अजीत प्रसाद भारी मतों से जीतेंगे। मिल्कीपुर का माहौल सपा के पक्ष में है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीहनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू



**संवाददाता**
**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के सुमही बुजुर्ग में गुरुवार से हो रहे श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए हाथी घोड़ा समेत सैकड़ो चार पहिया वाहनों और हजारों लोगों के हूजूम के साथ 1100 कन्याओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलशयात्रा को भगवा झंडी दिखाकर क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने रवाना करते हुए कहा कि यज्ञ प्रकृति के निकट रहनें का साधन है। कलश यात्रा सुमही बुजुर्ग से बाढू चौराहा, बनकटा बाजार, बघौचघाट नारायनपुर कोठी होते हुए यज्ञ स्थल पहुँची। यज्ञ के प्रधान आचार्य पंडित अशोक मिश्र ने अपने सहयोगी आचार्यगणों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरवाया। तत्पश्चात माथे पर कलश लिए कन्यायें पुनः यज्ञस्थल पर पहुंची। जहां प्रसाद ग्रहण कराया गया। प्रधान यज्ञाचार्य पंडित अशोक मिश्र, मुख्य यजमान रामप्रताप सिंह, बिजेंद्र सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, व्यापार मंडल चौरा खास के अध्यक्ष विकास पाण्डेय, पूर्व ग्राम प्रधान विनय तिवारी, मनीष तिवारी, सुधांशु मणि, राना सिंह, मनीषचंद कौशिक, पौहारी गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, कैलाश गुप्ता, रुदल कुशवाहा समेत हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रोटरी द्वारा ' विरासत ' आजादी की कहानी, डाक टिकटों की जुबानी, प्रदर्शनी का आयोजन

**संवाददाता**
**कुशीनगर।** गुरुवार को रोटरी क्लब कुशीनगर एवं रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विरासत ' आजादी की कहानी, डाक टिकटों की जुबानी, एक ऐतिहासिक प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ नपाप कुशीनगर अध्यक्ष किरन जायसवाल ने महात्मा गाँधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और फीता काट कर किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए व नपाप अध्यक्ष ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा गाँधी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी से आजादी कि लड़ाई, गुमनाम क्रांतिकारियों, देश कि विरासत के बारे में प्रेरक जानकारी लोगों को मिलेगी ' पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, राकेश जायसवाल, बिरला धर्मशाला के प्रबंधक वीरेंद्र तिवारी, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य दयाशंकर तिवारी, अमृतांशु शुक्ला, कालिंदी त्रिपाठी, रेडक्रॉस के प्रदेश उपसभापति अखिलेंद्र शाही, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ल ने आयोजक गण को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि देश कि विरासत पर आधारित प्रदर्शनी में प्रदर्शित संग्रह प्रसंशनीय है ' प्रदर्शनी में भारतीय डाक टिकट, 200 + देशों के सिक्के, स्वतंत्रता संग्राम और महात्मा गाँधी से जुडी अमूल्य वस्तुओं का अनोखा संग्रह किया गया है ' राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता एवं बुक रिकार्ड होल्डर संग्रहकर्ता रोटरी हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में खादी के ऊपर जारी पहला डाक टिकट का सेट जो भारत सरकार ने 1948 में जारी किया था ' गणतंत्र भारत का पहला सिक्का, नोटों का कलेक्शन, रेड क्रास का पूरा इतिहास, रोटरी क्लब, भगवान राम, रामायण पर जारी विभिन्न देशो के डाक टिकट के अलावे कई संग्रह प्रदर्शित है ' अतिथियों का स्वागत करते हुए रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि आजादी कि विरासत को लेकर आयोजित वृहद प्रदर्शनी बहुत ही अनोखा है ' इसके लिए संग्रहकर्ता हिमांशु जी, सीमा सिंह जी व अवलोकन के लिए आ रहे अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया ' इस दौरान रोटरी के सचिव अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, गोपाल कृष्ण सिंह, लालजी जायसवाल, गोपी चंद कसौधन, अमरेंद्र नारायण सिंह, डॉ पवन खरवार, रंजीत श्रीवास्तव, अखिलेश शर्मा, पवन अग्रवाल, राजेश चौरसिया, सभासद केशव सिंह, केके श्रीवास्तव, उमेश चंद्र गुप्ता कुन्नू, शिवानंद धर दूबे, हृदयानंद शर्मा, संदीप सिंह, नवतप्पी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवनाथ सिंह, मनोज कुमार सिंह, भगवत कुमार सिंह, संजय सिंह बघेल, पुनीत श्रीवास्तव, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, कृष्ण कुमार तिवारी, प्रभात चतुर्वेदी, हरेंद्र चौरसिया, राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ के मंडल महामंत्री राजेश शुक्ला, सभासद राजेश मद्धेशिया, सभासद अमेरिकन सिंह, सदरे आलम, अरुण वर्मा, अवधेश चौरसिया, फैय्याज खान, विशाल शर्मा, सतेंद्र राय, अश्विनी जायसवाल, अमरचंद हिंदुस्तानी, इम्तियाज आलम, गौरव मद्धेशिया, विजय सिंह, सचिन पाठक, सुरेश गुप्ता, सचिन श्रीवास्तव, गौतम पटेल, ब्रह्म कुमारी जिला प्रभारी बीके मीरा बहन, कन्हैया मद्धेशिया, संतोष सिंह, राजू मद्धेशिया, सुनीता सिंह, दीलीप सिंह महेश कर्णधार, कृष्ण मोहन, रविन्द्र टैगोर, लक्ष्मण यादव, दिनेश यादव, राम अवतार, किरन सिंह, आदिल खान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हम दो हमारे दो ही है खुशहाल परिवार की पहचानः डॉ मुकेश



**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** सीएचसी कसया के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर भलुही मदारीपट्टी के परिसर में गुरुवार को सास-बेटा-बहू सम्मेलन आयोजित कर परिवार नियोजन हेतु जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी अधीक्षक डॉ मुकेश यादव ने कहा कि सम्मेलन कराने का आशय यह है कि सभी मिलकर एक साथ रहे तथा परिवार नियोजन अपनाकर पूरे परिवार को खुशहाल रख सकते है। बच्चों की संख्या नियंत्रित रखे तथा दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का अंतराल अवश्य रखे। अवांक्षित गर्भधारण से बचने के लिये परिवार नियोजन में मुख्य रूप से गर्भनिरोधक विधियों का सामीप्स करें। परिवार नियोजन के सभी संशाधन आपके आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर उपलब्ध है। विशिष्ट अतिथि सभासद शैलेन्द्र त्रिपाठी सोनू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं को जो भी सुविधाएं दी जा रही है उसका उपयोग आप सभी करे तथा कोई भी स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कत हो तो अपनी आशाओं को सूचित करें। गर्भवती महिलाओं को,आशा बहुओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्वागत एवं आभार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नन्दनी मिश्रा और अध्यक्षता ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक अनिता यादव व संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान एएनएम मनीता देवी, आशा सरिता देवी, फूलवन्ती देवी, नरगिस बानो, सलेहा खातून, गीता देवी, सरोज देवी, शकुंतला देवी आंगनवाड़ी कार्यकत्री विन्दू देवी, प्रीति देवी, अनिता देवी, शैल देवी,अंजू देवी आदि मौजूद रहीं।

## महाकुंभ में भगदड़ के अगले दिन मेला क्षेत्र में आग



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला में भगदड़ के एक दिन बाद गुरुवार को आग लग गई। मेला क्षेत्र के सेक्टर-22 में कई पंडाल जल गए। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। जहां आग लगी है, वहां पब्लिक नहीं थी, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई है। सीनियर अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। हालांकि, आग किस वजह से लगी। अभी तक क्लियर नहीं हो पाया है। बुधवार यानी कल मौनी अमावस्या के मौके पर भगदड़ मची थी। इसमें 30 की मौत हो गई थी, जबकि 60 लोग घायल हैं। पुलिस अफसर प्रमोद शर्मा ने बताया- टेंट में आग लगने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची। 15 टेंट में आग लगी थी। जिस पर काबू पा लिया गया। जहां आग लगी थी, वहां एक्सेस रूट पर नहीं था। इसलिए, टीम को पहुंचने में थोड़ी देरी हुई। हालात अब अंडर कंट्रोल है। कोई जनहानि नहीं हुई।

## गन्ने में प्याज रोपाई के लिए पौधा उपलब्ध हैः ओमप्रकाश गुप्ता



**संवाददाता**
**कुशीनगर।** न्यू इंडिया शुगर मिल हाटा, कुशीनगर के अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर मिल परिक्षेत्र में गन्ने की गन्ना क्षेत्रफल, उत्पादकता, चीनी परता बढ़ाने, गेट क्षेत्र में बढ़ाने को लेकर किए जा रहे कार्य की समीक्षा की। श्री सिंह ने गन्ने की बुवाई एवं बीज गन्ना की उपलब्धता कीटनाशक, भूमि उपचार एवं बीज गन्ना उपचार की समीक्षा की। उन्होने बताया कि सबसे अधिक उपज देने वाली गन्ना प्रजाति जिसके एक गन्ने का वजन 2 से 3 किलो का है को.15023 प्रजाति की बुवाई करने पर दो बोरा पोटाश अवध शक्ति निशुल्क दी जाएगी। श्री सिंह ने प्रधान प्रबंधक गन्ना श्री अवधेश गुप्ता को निर्देश दिया कि सभी गन्ना विकास कर्मचारियों, ब्लाक इचार्जो से उनकी मांग नोट करें कि किसी कर्मचारी को कितने बोरा बायो पोटाश चाहिए। जिससे किसान को बुवाई के समय उपलब्ध करा दिया। साथ ही निर्देश जारी करें कि भूमि उपचार के लिए बिना ट्राइकोडर्मा प्रयोग की गन्ने की बुवाई नहीं होगी। अधिशासी अध्यक्ष ने गन्ना किसान संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता से विचार विमर्श किया कि प्रत्येक कृषि प्रशिक्षण गोष्ठी में कृषि यंत्रों के प्रयोग से लाभ, भूमि व बीज गन्ना उपचार कैसे करें।

ऑटोमेटिक और प्लांटर से गन्ने की बुवाई, संतुलित उर्वरको का प्रयोग, गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने, गन्ना फसल में कीट रोग नियंत्रण तथा पेड़ी गन्ना फसल से अधिक उपज कैसे लें। पूर्व निदेशक गुप्ता ने अधिशासी अध्यक्ष को बताया कि गन्ने के साथ प्याज की रोपाई करने के लिए ग्राम शिवराजपुर में किसान उमेश मौर्य तथा ग्राम कोटवा अनिरुद्धवां हेतिमपुर के किसान भभूति कुशवाहा के पास प्याज की नर्सरी में पौध तैयार है। कोटवा के भभूति कुशवाहा के पास 25 डेसिमल 6 कट्ठा में नर्सरी में पौध तैयार है जो 5 फरवरी से बेचेंगे। प्याज की रोपाई करने से 80 से 100 कुंतल गन्ने का औसत ऊपज निश्चित बढ़ जाएगा। दूसरा लाभ गन्ने में लगने वाले सबसे हानिकारक कीट पिहिका, अंकुरबेधक का शतप्रतिशत नियंत्रण होगा।

पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने प्याज अनुसंधान संस्थान राजगुरूनगर पुणे, महाराष्ट्र जाकर फसल को देखा और प्रशिक्षण लिया। सभी ब्लॉक इंचार्ज अपने-अपने सर्किल में कम क्षेत्रफल में इसका प्रदर्शन कराये जिसको देखकर अगले वर्ष अधिक किसान इसका लाभ ले सकें। मिल परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाना, ऑटोमेटिक केन प्लांटर से बुवाई करना, गन्ने की एक आंख का पौधा तैयार कर मशीन से रोपाई कर करना, गन्ने की कटाई छिलाई, लदाई आधुनिक कृषि यंत्र से गांव-गांव में कराया जा रहा है। डा0 गुप्ता ने गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति कृषकों को जागरूक करने के लिए गांव-गांव में विशेष प्रशिक्षण गोष्ठी अभियान फोटोग्राफ दिखाकर जानकारी दे रहे हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### मिनि नन्दिनी समृद्धि योजना के तहत हुआ चार लाभार्थियों क चयन, बाकी 28 पात्र लाभार्थियों को वेटिंग में डाला गया



**संवाददाता**
**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत संचालित मिनि नन्दिनी समृद्धि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद हमीरपुर मे 4 लाभार्थियों को लाभान्चित करने के लिये लक्ष्य आवंटित किया गया था। हमीरपुर के मुख्य पशु चिकित्साधिकरी बात अरविंद कुमार ने बताया कि योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर 1नवम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक निर्धारित तिथि में कुल 32 पात्र आवेदन पत्र आये, शासन के प्रदत्त निदेशों के तहत निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा आवेदन मिलने पर लक्ष्य के अनुरूप पात्र 4 लाभार्थियों का चुनाव 30 जनवरी 2025 को जनपद स्तरीय गठित चयन समिति ₹डिस्ट्रिक्ट एक्जीक्यूटीव कमेटी₹ द्वारा ई०लाटरी /रेण्डमाईजेशन प्रकिया पूरी कर चयन किया गया है साथ ही बाकी 28 पात्र लाभार्थियों को वेटिंग लिस्ट मे रखा गया है जिन्हें आगामी वित्तीय वर्ष मे योजना से लाभान्वित किया जायेगा। योजना की कुल लागत 23.60 लाख है, जिसमे स्वदेशी उन्नत नस्ल की गिर, साहीवाल सहित थारपारकर प्रजाति की 10 गायों की इकाईयों के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। योजनान्तर्गत धनराशि का 50 प्रतिशत अंश राज्य सरकार की तरफ से वहन किया जायेगा।

### हमीरपुर की सुमेरपुर पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संवाददाता**
**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की सुमेरपुर पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत केस नंबर 982/22धारा 3/25 आर्मस एक्ट के तहत कांशीराम कालौनी के पहरा निवासी वारण्टी अभियुक्त धर्मेंद्र श्रीवास पुत्र शंकर लाल श्रीवास को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे।



### शूटिंग खेल की तरफ बहुत बढ़ रहा खिलाड़ियों का रुझान



**संवाददाता**
**दूधावाला।** दूधावाला में खिलाड़ियों के साथ बैठक में राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि आज खिलाड़ियों का रुझान शूटिंग खेल की तरफ बहुत बढ़ रहा है।जब से ओलंपिक में मनु भाकर ने शूटिंग में मेडल जीते हैं तभी से युवाओं में शूटिंग के प्रति जागरूकता आई है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा शूटिंग एकेडमी खोली जानी चाहिए। प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करके उन्हें आगे बढ़ाया जा सकता है। खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी दीपक तोमर ने कहा कि राष्ट्रीय शूटर भगत सिंह दो एकेडमी खोलकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ इनका पूरा सहयोग करेगा। इस दौरान राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रांत राठी,दीपक नेहरा,भगत सिंह,अनुज गुप्ता,यशपाल,मोनू राठी उपस्थित रहे।

### प्रयागराज में भगदड़ पर प्रशासन द्वारा विकराल रूप लेने से रोकना और संभालना प्रशंसा योग्यः अश्वनी शर्मा




**संवाददाता**
**गाज़ियाबाद/प्रयागराज।** 29 जनवरी को महाकुंभ प्रयागराज में माघी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ और प्रशासन द्वारा भीड़ नियंत्रण में अस्थिरता के कारण जो दुखद दुर्घटना घटी, वह सभी के लिए एक गहरी चिंता का कारण बनी। यह घटना अत्यंत दर्दनाक थी, लेकिन प्रशासन ने समय रहते अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया और स्थिति को शीघ्र ही नियंत्रण में लिया, जिससे इस दुर्घटना को विकराल रूप लेने से रोका जा सका। प्रशासन की सूझबूझ, तत्परता और समर्पण की वजह से इस संकट से निपटा जा सका, जो वास्तव में प्रशंसा के योग्य है। अखंड भारत मिशन के संस्थापक और वटिका के सह-संस्थापक, श्री अश्वनी शर्मा ने बताया कि उनकी टीम श्रद्धालुओं की मदद के लिए पूरी तरह से तत्पर है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि श्रद्धालु सेक्टर 18 स्थित गोदाद अखाड़े में शरण ले सकते हैं, जहाँ उन्हें सभी प्रकार की सुरक्षा और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अश्वनी शर्मा ने प्रशासन के उन सभी अधिकारियों को विशेष धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस कठिन समय में अपनी पूरी मेहनत और संजीदगी से स्थिति को संभाला और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। इस दुखद घटना में शहीद हुए वरिष्ठ पुलिसकर्मी अंजनी कुमार राय को वटिका और अखंड भारत मिशन की पूरी टीम की ओर से शोक संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके साहस और बलिदान को हम हमेशा याद रखेंगे, और उनका योगदान हमें प्रेरणा देगा।

### गोरखपुर वापस लौटा सराफा कारोबारी का बेटा

**गोरखपुर ।** राजघाट इलाके के हिंदी बाजार में रहने वाले सरार्फा कारोबारी का बेटा रोहित सामंत एक हफ्ते बाद घर लौट आया। उसने बताया कि वह खुद की परेशानियों की वजह से गया था और अब अपनी गलती के लिए माफी मांग रहा है। एक हफ्ते पहले परिजनों को एक पत्र मिला था, जिसमें 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी। पत्र में धमकी दी गई थी कि रकम नहीं देने पर बेटे के टुकड़े कर दिए जाएंगे। इस खबर के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू हुई। पुलिस लगातार युवक से संपर्क में थी, लेकिन वह लौटने को तैयार नहीं था। जब पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी, तो बुधवार को वह अपने जीजा के साथ घर लौट आया।

# उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समाधान शिविर में सुनीं 13 शिकायतें

**जिला वासियों की समस्याओं का चरित्र समाधान करना ही जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं पर प्रशासन द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण किया जा रहा है ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वीरवार को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने लघु सचिवालय के सभागार में नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आमजन की समस्याओं का समाधान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोपर्टी आईडी आदि से संबंधित शिकायतें रखी। शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का पंजीकरण करके संबंधित विभाग को समस्या का निवारण करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच प्राप्त हो और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो।

# मोहन ऋषि स्कूल में हुआ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बसेलवा कॉलोनी स्थित मोहन ऋषि स्कूल में वार्षिक पुरूस्कार वितरण हुआ। जिसमें छात्रों को अपनी-अपनी कक्षाओं में पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वालों के साथ-साथ विद्यालय में पूरे वर्ष होने वाली प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, आदि प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। मुख्यअतिथि के रूप में श्री विनोद भाटी जी उपस्थित रहे तथा छात्रों के परिश्रम के लिए सराहना करते हुए आगे भी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें पुरूस्कार प्रदान किए। विद्यालय के मुख्यअध्यापक मनीष गौतम ने मुख्यअतिथि का आभार जताया और सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मीनू गौतम




के साथ ललित झा, बबीता, प्रीति, रीना आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# डोर टू डोर चलाया जाए प्रोपर्टी आईडी वेरीफाई करने का अभियान : मंडल आयुक्त आर.सी. बिढ़ान




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम डिवीजन के आयुक्त आर.सी. बिढ़ान ने कहा है कि गुरुग्राम, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ जिला में प्रोपर्टी आईडी के सत्यापन कार्य को अगले दो माह में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निकाय ईकाईयां प्रोपर्टी आईडी वेरीफाई करने के लिए घर-घर जाने का अभियान शुरू करें। मंडल आयुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में गुरुग्राम, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ जिला की मंडल स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार, रेवाड़ी जिला के उपायुक्त अभिषेक मीणा व महेंद्रगढ़ जिला के उपायुक्त विवेक भारती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मंडल आयुक्त ने कहा कि प्रोपर्टी आईडी सत्यापन किए जाने का कार्य अभी अधूरा है। इसमें तीव्रता लाई जानी चाहिए। इसके लिए नगर निगम गुरुग्राम, नगर निगम मानेसर व पटौदी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, नारनौल, धारुहेड़ा, सोहना, फर्रुखनगर आदि सभी नगर परिषद एवं नगर पालिकाएं घर-घर जाकर प्रोपर्टी आईडी के सत्यापन का अभियान चलाएं। प्रोपर्टी आईडी सत्यापित होने के बाद ही प्रोपर्टी टैक्स की वसूली के अभियान को सही दिशा में चलाया जा सकेगा।

मंडल आयुक्त ने तहसीलदार, एसडीएम व उपायुक्त कोर्ट में लंबित राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि इनके निपटान के लिए कोर्ट ले रहे सभी अधिकारी तत्परता दिखाएं। राजस्व मामले अधिक समय तक विचाराधीन नहीं रहने चाहिए। जमीनी विवाद से जुड़े मसलों का हल जल्दी होने से आम जनता को भी राहत मिलेगी और वे अपना कृषि कार्य सुचारू रूप से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि तीनों जिलों में पंचायती राज के तत्वाधान में करवाए जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। वह स्वयं इन विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे।

आयुक्त आर.सी. बिढ़ान ने कहा कि रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम जिला की सब्जी मंडियों में सफाई का उचित बंदोबस्त होना चाहिए। इन मंडियों में कूड़ा-कचरा बिखरा पड़ा रहने से दूषित वातावरण बना रहता है, जिससे बीमारियां फैल सकती हैं। जो वाहन इन मंडियों में फल-सब्जियां लेकर आते हैं, वे अपना घास-फूस कूड़ा मंडी के बाहर जाकर खाली करें। वहां इस कचरे को ना फैलाएं। इसी प्रकार सब्जी की रेहड़ी चलाने वालों को डस्टबिन दिए जाने चाहिए। बैठक में मंडल आयुक्त ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राशन मिलने से एक भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहना चाहिए। इस कार्य की हर महीने अधिकारी अपने स्तर पर पड़ताल कर राशन प्रदान करने की व्यवस्था को दुरूस्त रखें। बैठक में फसलों की गिरदावरी के कार्य की भी समीक्षा की।

# सरस्वती मॉडर्न कॉलेज फार्मेसी मोहना बना हरियाणा टॉपर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सरस्वती मॉडर्न कॉलेज फार्मेसी मोहना ने इस बार भी हर वर्ष की भांति फार्मेसी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। यह परीक्षाएं हरियाणा टैक्निकल बोर्ड (HSBTE) द्वारा जुलाई 2024 में आयोजित की गई थी, जिसमें हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली निक्की पुत्री श्री रविंद्र कुमार ने 87.81% प्राप्त किए, वहीं हरियाणा में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले सतीश पुत्र श्री चरणजीत ने 87.48% अंक प्राप्त कर अपने कॉलेज को हरियाणा टॉपर बनाया है जो कॉलेज के लिए बहुत ही गर्व की बात है इन





विद्यार्थियों ने हरियाणा टॉप करके अपने माता पिता, गाँव व जिले का नाम रौशन किया है और हरियाणा टैक्टिकल बोर्ड के सभी पाठ्यक्रमो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हमेशा की तरह इस वर्ष भी सरस्वती मॉडर्न कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने शत प्रतिशत रिजल्ट दिया है। निक्की के हरियाणा में प्रथम स्थान हासिल करने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए कॉलेज के डायरेक्टर श्री सूरजमल तंवर ने सभी विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज के निर्देशक श्री भगत सिंह तंवर ने सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम के लिए व हरियाणा टॉपर बनने पर उनको बधाई दी साथ ही साथ फार्मेसी डिपार्टमेंट की प्रिंसिपल श्रीमती निधि गौड़ ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी और स्टाफ रमलेश कुमारी, चंचल शर्मा, अनु बेनीवाल, राजेश कुमार और मनोज तंवर ने सभी छात्रों का अभिनंदन किया।

# फरीदाबाद हाफ मैराथन-2.0 के लिए मुख्यमंत्री ने किया रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का शुभारंभ



**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा- 9 मार्च की हाफ मैराथन में भागीदार बनें जिलावासी**

**ड्रग फ्री हरियाणा थीम को लेकर आयोजित होगी हाफ मैराथन- 2.0**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरूवार को फरीदाबाद में आगामी 9 मार्च को होने वाली हाफमैराथन-2.0 की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। हाफ मैराथन-2.0 में प्रतिभागी बनने के लिए सबसे पहले मुख्यमंत्री ने ऑन लाइन प्रक्रिया से अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए जिला वासियों को इस मेगा इवेंट में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, राजस्व एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं पूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर व खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व राजस्व विभाग के एसीएस अनुराग रस्तोगी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश भर में मैराथन के माध्यम से ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश प्रदेशवासियों को दिया जा रहा है। सकारात्मक स्वरूप के साथ नई ऊर्जा में युवा आगे बढ़ें, इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा राहगीरी व मैराथन जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया जा रहा है। उन्होंने इस पुनीत अभियान में प्रदेश की जनता को सहभागी बनाते हुए कहा कि नशा मुक्त हरियाणा, स्वस्थ हरियाणा और खुशहाल हरियाणा की परिकल्पना को साकार करने में हर नागरिक अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद हाफ मैराथन-2.0 के लिए जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह फरीदाबाद शहर का यह एनुअल इवेंट है। ड्रग फ्री हरियाणा थीम को लेकर आयोजित होने वाली मैराथन में अधिक से अधिक भागीदारी कर पिछले वर्ष की तरह इस आयोजन को सफल बनाएं। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री को हाफ मैराथन-2.0 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस इवेंट में रनर्स क्लब, आरडब्ल्यूए व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। साथ ही युवाओं सहित विभिन्न आयु वर्गों के लोग इस आयोजन को लेकर उत्साहित है। उन्होंने बताया कि हॉफ मैराथन 2.0 में प्रतिभागी बनने के लिए https://faridabadhalf-marathon.com/ पर रजिस्ट्रेशन करें। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# महाकुंभ में हुई भगदड़ में इंजीनियर की मौत, हुआ अंतिम संस्कार

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की संजय कॉलोनी सेक्टर 23 निवासी अमित की महाकुंभ भगदड़ में मौत हो गई। गुरुवार को उनका शव उनके घर पहुंचा, जहां परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार किया। अमित की चिता को उनके 1 साल के बेटे ने आग दी। 34 साल का अमित अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। मूल रूप से वह यूपी फिरोजाबाद के बगई गांव का रहने वाला था। पिछले काफी सालों से अपने परिवार के साथ फरीदाबाद की संजय कॉलोनी में रह रहा था। अमित के परिवार में वृद्ध माता, पत्नी, बहन और उसके चार छोटे बच्चे है। 2016 में उसकी शादी यूपी के रहने वाली फिरोजाबाद की पूजा (30) के साथ हुई थी। अमित के चार बच्चों में बेटी काव्या (6), निती (4), मन्नत (3), बेटा



रुद्राक्ष (1) शामिल है। जबकि उसकी बहन मंशा 22 साल की है। अमित ने 2016 में आर्मी में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस के तहत लिफ्ट मैकेनिक ज्वाइन किया, जिसके बाद 2017 में उनकी पोसटिंग दिल्ली कैंट में लिफ्ट मैकेनिक के पद पर हो गई। 2018 में उनके पिता का निधन हो गया । 25 जनवरी की दोपहर को अमित अपनी पूजा पत्नी ,बच्चों और अपनी मां सरिता देवी के साथ गंगा स्नान के लिए फरीदाबाद से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ था। अमित अपने परिवार के साथ संगम घाट पर ठहरा था, 29 की सुबह करीब 1 बजे वह अपनी मां सरिता देवी के साथ घाट पर स्नान करने के लिए चला गया। अमित की पत्नी और बच्चे घाट पर तंबू के अंदर ही सोए हुए थे। घाट पर जब वह नहाकर वापस आ रहा था तो अचानक से भगदड़ मच गई। अमित की मां को मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों से सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन अमित की इस भगदड़ में दबकर मौत हो गई। अमित को पुलिस के जवानों ने एम्बुलेंस में अस्पताल में भिजवाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। 30 जनवरी की दोपहर बाद अमित का शव उनके घर संजय कॉलोनी पहुंचा, जहां उनके 1 साल के बेटे ने चिता को आग दी।

# नशे का सेवन मनुष्य को भीतर तक खोखला कर देता है : अशोक वर्मा

**समाचार गेट**

नशा मनुष्य के लिए होता तनिक भी अच्छा तो माँ अपने बच्चों को देते हुए कहती ले खा मेरे बच्चा। इसी प्रकार पिता भी अपने बच्चे को नशा देते हुए कहता ले बेटा थोड़ी ली पी ले क्यों करता है चिंता अपनी जिंदगी जी ले। इतना ही नहीं गुरुजन अपने शिष्यों को नशा करने की शिक्षा देते और कहते नशा जीवन का आनंद है इससे ही मिलता परमानंद है। शिक्षण संस्थाओं में भी इसका भरपूर प्रचार प्रसार होता। सभी धर्मों ने नशे को नाश का द्वार कहा है। इतना होते हुए भी आज नशे की समस्या विकराल और भयावह रूप ले चुकी है। न केवल भारत अपितु विश्व के लगभग सभी देश इस समस्या को लेकर चिंतित हैं। भारत की सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस माननीय श्री बीवी नागरत्ना और जस्टिस माननीय श्री एन कोटिश्वर सिंह ने ड्रग तस्करी के मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि नशे में डूबने का अभिप्राय कूल होना नहीं है और इससे बचना चाहिए। एनआईए द्वारा एक केस की जांच की जा रही है जिसमें अंकुश विपिन कपूर पर आरोप है कि वह ड्रग तस्करी का नेटवर्क चलाता था। उसने पाकिस्तान से समुन्द्र के रास्ते बड़ी मात्रा में हेरोइन की तस्करी भारत में कराई थी। माननीय जस्टिस श्री नागरत्ना ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि नशे की लत का सामाजिक आर्थिक और मनोवैज्ञानिक रूप से युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह देश के युवाओं की चमक को ही खत्म करने वाली चीज है। उनका पूरा तेज इससे छिन जाता है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को यह कहा गया है कि नशे में डूबने का अभिप्राय कूल होना नहीं है और इससे बचना चाहिए। आज के परिप्रेक्ष्य में भारत के अनेक राज्यों और शहरों में ड्रग्स अर्थात प्रतिबंधित नशे को मनोरंजन का साधन के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा है जो एक चिंता का विषय है। आरम्भिक समय में प्रतिबंधित नशे अर्थात ड्रग्स व्यक्ति के मस्तिष्क को शून्य में ले जाते हैं जिससे उसे लगता है कि वह सब सांसारिक चिंताओं से मुक्त होकर अलग ही संसार में विचरण कर रहा है और जैसे ही ड्रग्स का प्रभाव समाप्त होता है तो उसके शरीर और मस्तिष्क में पीड़ा और कष्ट का



अनुभव होता है और वह इस नशे को पुनः लेकर सामान्य होने का प्रयास करता है लेकिन उसके साथ ऐसा नहीं होता बल्कि नशे का प्रभाव तन मन और मस्तिष्क को क्षीण करता है। नशे के सेवन की पुनरावृति मनुष्य को भीतर तक खोखला कर देती है। युवा युवा न रहकर मृत समान हो जाता है और कुछ ही वर्षों में उसकी मृत्यु संभावित है।

आज स्थिति यह है कि प्रतिबंधित नशों के अतिरिक्त चेतावनियुक्त नशे जिसमे तम्बाकू भी स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक घातक हैं जिसके संकेत स्पष्ट रूप से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दिए गए हैं। तम्बाको के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार प्रति वर्ष 87 लाख मरते हैं। भारत के अनेक राज्यों और शहरों में लोग तम्बाकू इतना अधिक खाते हैं कि सड़के, सार्वजनिक स्थान, शौचालय आदि उनकी पिचकारियों से लाल हुई पड़ी हैं। छोटे छोटे बच्चे और महिलाएं भी इनसे दूर नहीं रह पाए। आज भौतिकतावाद और तनाव भरे जीवन में लोग नशे में डूबकर अपने तनाव को कम करने का अकृत्य प्रयास करते हैं जो एक समाधान नहीं है। आज गानों, फिल्मों और क्षेत्रीय गायकों द्वारा जिस प्रकार नशे का सेवन करते हुए प्रदर्शन किया जा रहा है वह बच्चों और युवाओं के मस्तिष्क पर बहुत बुरा प्रभाव डाल रहा है। लोग तम्बाकू को मुँह में भरकर रखते हैं और यदि कोई उनसे बात करना चाहे तो वे पहले थूकेंगे या मुँह ऊपर करके बोलेंगे। उन्हें यह पता है कि तम्बाकू से कैंसर होता है लेकिन उनका मस्तिष्क यह स्वीकार नहीं करता कि वे भी कैंसर का शिकार हो सकते हैं।

नशे की लत से युवाओं को बचाने के लिए माता-पिता समाज और सरकारी एजेंसियों को प्रयास करने होंगे। जी हाँ, यह सत्य है कि आज समय आ गया है कि इस समस्या को एक अभियान की भांति स्वीकार करना होगा। जिस प्रकार देश को स्वतंत्र कराने के लिए एक स्वतंत्रता आंदोलन चलाया गया था उसी प्रकार नशा मुक्त भारत अभियान के लिए भी प्रत्येक व्यक्ति को इस नशा मुक्त आंदोलन का भाग बनना होगा। इसमें बलिदान देने की आवश्यकता नहीं है। इसके त्याग करने की आवश्यकता नहीं है। इसमें अपने प्राणों की आहुति देने की आवश्यकता नहीं है। केवल एक कार्य करना है और वह है संकल्प लेकर आगे बढ़ना और अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना। हमें यह समझना होगा कि ड्रग्स तस्करी से जो धन एकत्रित होता है वो किसके पास जा रहा है। सत्य यह है कि यह धन हमारे देश के विरुद्ध हिंसा और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रयुक्त हो रहा है। आज हमें एक युद्ध लड़ना है और वह युद्ध किसी व्यक्ति के विरुद्ध नहीं अपितु अपनी बुराइयों के विरुद्ध होगा। नशे जैसी बुरी लत को छोड़ने के विरुद्ध होगा। आज इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए प्रत्येक माता पिता और अभिभावक को चाहिए कि वह अपने बच्चों के साथ मित्र जैसा व्यवहार करें। आइये हम सब मिलकर नशे रुपी रक्षा का संहार करे में योगदान दें और सबसे पहले स्वयं नशे को न कहें।

## संपादकीय

# खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड

2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गईं। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते-घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमश: 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं। मौजूदा कीमतों के संदर्भ में देखें तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खर्च पर औसत आठ और नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2011-12 में शहरी और खपत खर्च के बीच 84 प्रतिशत का अंतर था, जो 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया। जो अब 70 फीसद ही रह गया है। इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने-पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है। इससे साफ है कि उपभोक्तावाद ने ग्रामीण इलाकों पर भी जोरदार दस्तक दी है। वैसे ऑनलाइन स्टोर से गांवों में खरीददारी बढ़ी है और उनके डिलीवरी एजेंटों की बाइकें अब ग्रामीण इलाकों का भी खूब चक्कर लगा रही हैं।

# बागोत के मोहित सुसाइड केस में हुआ एसआइटी का गठन


### जांच में शामिल होने के लिए कैलाशचंद को एसपी ने भेजा पत्र

### 49 दिन से मोर्चरी में रखे शव का दाह संस्कार होने की बनी उम्मीद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव बाागोत निवासी मोहित सुसाइड केस में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक चंडीगढ की ओर से एसआईटी का गठन किया गया है। जो कैलाशचंद द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट में दाखिल की गई अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच करेगी। इस संदर्भ में एसपी नारनौल की ओर से कैलाश चंद को पत्र जारी कर जांच में शामिल होने तथा आरोपों के संदर्भ में साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा गया है। एसपी नारनौल की ओर से 29 जनवरी को जारी किए गए पत्र क्रमांक 392-आरएसपी के माध्यम से उ%च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा में दाखिल सीआरएम-एम 2017-2025 एवं डीडीआर नम्बर 16 दिनांक 14 दिसंबर 2024, बीएनएस की धारा 194 के संदर्भ में वादी कैलाशचंद को जांच में शामिल होने का कहा गया है। डीजीपी द्वारा गठित की गई एसआईटी के सामने पेश होकर कैलाशचंद मामले से जुडे सबूतों तथा गवाहों की सूचि उपलब्ध करवा सकता है।

एसआईटी के गठन के बाद प्रबुधजनों में मोहित के दाह संस्कार होने की उम्मीद जागृत हुई है। जिसका शव पिछले 49 दिन से उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। हालांकि मामला हाइकोर्ट में विचाराधीन होने के बाद वादी एंव प्रतिवादी पक्ष को हाईकोर्ट के आदेश का पल-पल इंतजार बना हुआ है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक अगली कार्रवाई अमल में लायी जानी है। मृतक के पिता कैलाशचंद ने इस बारे में 14 जनवरी को पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट में अर्जी डाली गई थी। जिस पर 16 जनवरी को सुनवाई करते हुए



OFFICE OF THE
SUPERINTENDENT OF POLICE, MAHENDERGARH (HARYANA)
Phone-01282-251022, Fax No. 01282-251288
Email. ID -spnrl@hry.nic.in

प्रेषित

कैलाश चन्द शर्मा पुत्र श्री शिवकुमार शर्मा
वासी बाघोत थाना सदर कनीना।

क्रमांक 392/RSP दिनांक 29.01.2025

विषय CRM- M 2017 of 2025 के सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा, चण्डीगढ द्वारा पारित आंदेशो के अनुसार DDR No. 16 दिनांक 14.12.2024 धारा 194BNSS की Investigation के सम्बन्ध में नोटिस।

यादि/

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में आप कैलाश चन्द शर्मा पुत्र श्री शिवकुमार शर्मा वासी बाघोत थाना सदर कनीना को अवगत करवाया जा रहा है कि दिनांक 16.01.2025 को CRM-M 2017 of 2025 में माननीय उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा, चण्डीगढ के सम्बन्ध में कार्यालय पुलि, महानिदेशक, हरियाणा, पंचकुला द्वारा जांच के लिए SIT का गठन किया गया है, जिसकी प्रति आपको सुचनार्थ दी जा रही है। आपसे अनुरोध हैं कि इस जांच में आप SIT को उन सभी सबुतो एवं गवाहो की सुचि उपलब्ध करवाये जोकि आपके द्वारा दिनांक 14.12.2024 को दी गई शिकायत में वर्णित विवरण को साबित करते हो। इसके अतिरिक्त आपसे माननीय उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा द्वारा पारित निर्देशो की पालना किये जाने बारे आपको सुचित किया जाता है।

पुलिस अधीक्षक,
महेन्द्रगढ।

न्यायधीश हरप्रीत सिह बरार ने कैलाशचंद को फांसी लगाकर मरे युवक मोहित, 26 वर्ष का 3 दिन में अंतिम संस्कार करने, अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को भी शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए थे। लेकिन कैलाशचंद पूर्व मंत्री सहित आठ व्यक्तियों के विरूध एफआईआर करने की एकसूत्री मांग पर अडा हुआ है।

पडतल गांव के सरपंच रोशनलाल इंदोरा ने वकील के माध्यम से जनहित एवं मानव अधिकारों को देखते हुए एक दरखास्त एचएचआरसी, हरियाणा ह्यूमन राईट कमीशन चंडीगढ में दाखिल की थी। जिसमें उन्होंने बागोत निवासी मोहित का शव कनीना अस्पताल के मोर्चरी में रखा होने तथा उसमें संक्रमण पनपने की बात कही गई थी। शव का निश्चित समय पर ससम्मान अंतिम संस्कार करवाने की दलील दी गई थी। जिसकी 20 जनवरी को सुनवाई की थी। जिसमें एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत व डीएसपी दिनेश कुमार उपस्थित हुए ओर मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने का हवाला देकर जवाबदावा दाखिल किया था। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी ओर से आगामी 3 फरवरी को पुन: सुनवाई निश्चित की गई है।

अधिकारियों की ओर इस मामले में हाईकोर्ट में जवाबी एप्लीकेशन दाखिल की गई थी। जिस पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। अब दोनों पक्ष हाईकोर्ट के आदेश आने की आस लगाए बैठे थे। इस बीच एसआईटी का गठन होने से मामले का बहुत हद तक पटाक्षेप होने की उम्मीद बन गई है।

एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक कार्य किया जायेगा। कैलाशचंद ने हाइकोर्ट में अर्जी दाखिल थी जिसमें लगाए गए आरोपों की जांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से करवाने को कहा गया है।

थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि एसआईटी का गठन किया गया है। जिसमें वादी कैलाशचंद को नोटिस देकर मामले से जुडे तमाम सबूत एवं गवाह की सूचि उपलब्ध करवाने को कहा गया है। जिससे जांच पूरी हो सके।

हाईकोर्ट के एडवाकेट सत्यारायण यादव ने बताया कि डीजीपी की ओर से एसआईटी, स्पेशल इंक्वायरी टीम का गठन किया गया है। जिसका नेतृत्व एसपी नारनौल करेगीं। एसआईटी में एचपीएस सहित तीन अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया है।

# बेवल के उन्नत किसान कर्ण सिंह ने प्राकृतिक खेती में कमाया मुनाफा, अन्य किसान कर रहे अवलोकन

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-नारनौल मार्ग स्थित गांव बेवल में किसान कर्ण सिंह ने रेतीले टीलों में प्राकृतिक खेती कर सफलता का झंडा बुलंद किया है। प्राकृतिक खेती कर वह खूब मुनाफा कमा रहा है। उन्नत किसान कर्ण सिंह का मानना है कि भारत वर्ष में महेंद्रगढ जिले की भूमि नकदी फसल के लिए अति उत्तम है। जहां विभिन्न प्रकार की कैश-क्रॉप का उत्पादन कर अ%छा मुनाफा कमाया जा सकता हैं। इस किसान द्वारा चार एकड़ भूमि में पिछले दो वर्ष से प्राकृतिक खेती की जा रही है। पिछले वर्ष किसान ने तरबूज फसल की प्राकृतिक खेती की थी।जिसमे भरपूर लाभ हुआ था। किसान कर्ण सिंह ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने ढाई एकड़ भूमि में गाजर ,चकुंदर, मूली, धनिया, चना, मटर व गोभी की फसल लगाई है। डेढ़ एकड़ रक्बे में गेहू उगाया गया है। किसान कर्ण सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष करीब ढाई लाख रुपये का मुनाफा हुआ था।



प्राकृतिक खेती से भरपूर मात्रा में पैदावार ले रहा हैं। प्राकृतिक खेती से क्वांटिटी की बजाय क्वालिटी पर फोकस किया जाता है। जिससे सब्जी का टेस्ट भी उत्तम है। प्राकृतिक खेती में अ%छी पैदावार लेने तथा पेस्टीसाईड से बचने के लिए देशी विधि से गाय का गोबर,गोमूत्र, बेसन,गुड़ व नीम के पत्तो का घोल तैयार कर उसका स्प्रे किया जाता है। किसान कर्ण सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में पानी की समस्या है, जिसके लिए गेहू में भी टपका सिंचाई विधि अपनाई जा रही है। जिसमें एक एकड़ में खपत होने वाले पानी का छह एकड़ भूमि पर प्रयोग हो जाता है। उन्होंने बताया कि हाथ के द्वारा ही पुश सीडर मशीन से एक एकड़ में दस किलोग्राम गेहू बिजाई किया था जिसमे टपका विधि से ही सिचाई की जा रही है। गेहू में फुटाव भी खूब हो रहा है। उन्होंने बताया कि देशी विधि से की गई खेती मे पैदावार भी बेहतर हुई है जो खाने में भी स्वादिस्ट हैं। उनकी ओर से प्राकृतिक खेती आधुनिक तरीके से की जा रही है। जिनमें किसी प्रकार का रासायनिक खाद व दवा का उपयोग नहीं किया जाता है। क्षेत्र से अन्य किसान भी प्राकृतिक खेती का अवलोकन करने के लिए उनके पास पंहुच रहे हैं। इस मौके पर किसान महावीर सिंह, शमशेर सिंह, गूगन सिंह उपस्थित थे।

# दहेज की मांग को लेकर महिला से मारपीट करने के आरोप में पति समेत 4 नामजद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** दहेज की मांग को लेकर महिला से मारपीट करने तथा उत्पीडन करने के आरोप में कनीना थाना पुलिस ने महिला के पति सहित 4 व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। इस बारे में पीडित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 2019 में उसकी शादी मित्रपुरा नंगलिया,तहसील नारनौल के सोमबीर के साथ हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने दुपहिया वाहन सहित यथाशक्ति दान-दहेज दिया था। 2020 में उसने पुत्री भावया तथा 2022 में पुत्र अयांस को जन्म दिया। इस दौरान परिजनों ने छुछक में आभूषण सहित कीमती सामान दिया था। उन्होंने कहा कि सोमबीर व उसके परिजन दहेज के लोभी हैं जो उनसे 5 लाख की नकदी व चैपहिया वाहन लाने के लिए तंग करते हैं। दहेज नहीं लाने पर उससे मारपीट कर कमरे में बंद कर देते हैं। धमकी भी देते हैं जिससे परेशान होकर वह अपने मायके रसूलपुर में रहने लगी है। उसने कहा कि पति सोमबीर के अलावा जेठ बिजेंद्र, सास लाली देवी, जेठानी %योति भी उत्पीडन करते हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर उपरोक्त चारों आरोपियों के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# दिल्ली पुलिस के शहीद हवलदार अशोक कुमार की 26वीं पुण्यतिथि पर हवन-यज्ञ कल

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** दिल्ली पुलिस के शहीद हवलदार अशोक कुमार की 26वीं पुण्यतिथि पर कल एक फरवरी को हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शहीद के पुत्र जोनी ने बताया कि एक फरवरी 1999 में अपराधियों का पीछा करते हुए अशोक कुमार ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। पुलिस आयुक्त ने उनकी बहादुरी पर वीरता पुरस्कार से नवाजा था। उनके स्मारक पर एक फरवरी को हवन-यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पूर्व नगरपालिका चेयरपर्सन संतोष देवी, पूर्व सचिव रोहताश सिंह सहित प्रबुधजन हिस्सा लेगें।

# स्कूल बस हादसे में गंभीर रूप से घायल छात्रा सपना 9 महीने के लंबे संघर्ष के बाद मौत से हारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में कोसली रोड स्थित निजी स्कूल बस हादसे में गंभीर रूप से घायल होने वाली खरकड़ावास निवासी 17 वर्षीय छात्रा सपना ने बृहस्पतिवार को मौत से हार मान ली वह पिछले 9 महीने से जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रही थी। बृहस्पतिवार सायं के समय उन्होंने अंतिम सांस ली। जिनका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया मृतक छात्रा के पिता सतीश कुमार ने बताया कि सपना का उपचार गुरुग्राम के निजी अस्पताल से चल रहा था। जो घर पर रहकर ट्रीटमेंट फॉलो कर रही थी उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल 2024 को स्कूल बस चालक धर्मेंद्र वासी सेहलंग नशे की हालत में बस को तेज गति से चला रहा था जो उन्हानी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी इस हादसे में झाड़ली के दो सगे भाइयों समेत चार तथा धनौंदा के दो सहित छह छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई थी और कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायल छात्र का उपचार जारी था। उन्होंने कहा कि मामले में संलिप्त सभी दोषियों की जमानत हो चुकी है।

# मानसिक तनाव कम करने में मदद करता है सूर्य नमस्कार : डॉ. यशबीर गहलावत

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आयुष विभाग नूंह तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा.यशबीर गहलावत के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिला नूंह में यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जयंती से स्वामी महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती तक 12 जनवरी से 12 फरवरी तक सूर्य नमस्कार अभियान-2025 चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले भर के सभी शिक्षण संस्थानों, व्यायाशालाओं, औषधालयों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सूर्य-नमस्कार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा.यशबीर गहलावत ने बताया कि गांव-2 में सूर्य-नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित करके सूर्य-नमस्कार को जिले के प्रत्येक गांव व प्रत्येक व्यक्ति तक पहुचाया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर आयुष विभाग में कार्यरत योग सहायक व योग प्रशिक्षक गांव-2 जाकर सूर्य-नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार के दौरान उदर के अंगों की स्ट्रेचिंग होती है जिससे पाचन तंत्र सुधरता है, जिन लोगों को कब्ज, अपच या पेट में जलन की शिकायत होती है। सूर्य नमस्कार मानसिक तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। इसे करने से मस्तिष्क शांत होता है और मेंटल फोकस बढ़ता है। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है। इससे शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जो मानसिक और शारीरिक दोनों रूपों में सशक्त बनाता है।

# ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीम ने छापेमारी कर एशियन फार्मेसी की सील

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिला में किसी भी प्रकार के नशे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि कोई भी किसी प्रकार का नशा बिक्री करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के तहत शिकायत मिलने पर ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीम ने छापेमारी कर एशियन फार्मेसी, तावडू रोड नूह मेडिकल स्टोर को सील किया है । उन्होंने कहा कि इस मेडिकल स्टोर पर भारी मात्रा में ट्रामाडोल के कैप्सूल्स (लगभग 17500) व 104 कोरेक्स की खाली बॉटल मेडिकल स्टोर की दूसरी मंजिल की छत के अंदर प्रतिबंधित दवाओं की बरामदगी के बाद पुलिस ने NDPS एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# प्रशिक्षण दिलवाकर ड्रोन पायलट बनाए जाएंगे बेरोजगार युवा व किसान

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने राज्य के बेरोजगार युवाओं व किसानों को ड्रोन पायलेट प्रशिक्षण देने की महत्वपूर्ण घोषणा की थी जिसकी अनुपालना में अब हरियाणा सरकार ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा के माध्यम से ड्रोन प्रशिक्षण प्रक्रिया की शुरूआत कर दी है। उपायुक्त ने बताया कि यह प्रशिक्षण किसानों को पूर्णत: निशुल्क प्रदान किया जाएगा जिसमें प्रशिक्षण के साथ-साथ रहने व खाने का खर्च भी विभाग द्वारा ही वहन किया जाएगा। सहायक कृषि अभियन्ता, नूंह, इंजी. विजय कुमार ने बताया कि 18 से 45 वर्ष की आयु तक के किसान व बेरोजगार युवा इस ड्रोन पायलेट प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते है। यह प्रशिक्षण 2 चरणो में कुल 8 दिन में पूर्ण करवाया जाएगा।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नूंह में खिराज ए अकीदत

### कांग्रेस नेता महताब अहमद की अध्यक्षता में कार्यक्रम



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** वीरवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर कांग्रेस नेता चौधरी महताब अहमद की अगुवाई में राष्ट्रपिता को याद कर उन्हें खिराज ए अकीदत पेश की गई। इस दौरान महताब अहमद ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर नागरिक हर साल 30 जनवरी को महात्मा गांधी के जीवन और विरासत का सम्मान करते हैं, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक थे। शहीद दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह दिन स्वतंत्रता की खोज में किए गए गहन बलिदानों पर चिंतन का क्षण है। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि आज का दिन 1948 में हुई त्रासदी की एक गंभीर याद दिलाता है जब शांति और अहिंसा का समर्थन करने वाले व्यक्ति को नाथूराम गोडसे ने मार दिया था। महताब अहमद ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक अहम व्यक्ति रहे गांधी जी ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता हासिल करने के लिए अहिंसा और शांतिपूर्ण तरीकों को बढ़ावा दिया। गांधी का प्रभाव भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई से कहीं आगे तक गया। गांधी ने खिलाफत आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, असहयोग आंदोलन और चंपारण सत्याग्रह जैसे आंदोलनों का नेतृत्व करके लाखों लोगों को सत्य और अहिंसा के झंडे तले एक साथ लाया। महताब अहमद ने कहा कि भले ही आज गांधी जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन फिर भी, उनके आदर्श शाश्वत हैं, जो दुनिया भर की पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। महात्मा गांधी की दृष्टि राजनीति से परे थी, उन्होंने एक ऐसी दुनिया की कल्पना की जहां सत्य, अहिंसा और करुणा घृणा और विभाजन को दूर कर सकें। महताब अहमद ने कहा कि महात्मा गांधी के अनुसार, विकास की किसी भी योजना में मनुष्य को केंद्र में रखा जाना चाहिए। विकास का लंबी अवधि के लिए अपनाना होगा, मनुष्य को प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए। उद्देश्य गरीबी के सागर में समृद्धि के द्वीप बनाना नहीं होना चाहिए, बल्कि जीवन स्तर को ऊपर उठाना और गरीबी से लड़ना होना चाहिए। महताब अहमद ने कहा कि गांधीजी ने प्राकृतिक संसाधनों पर आम आदमी के अधिकार को स्थापित करने के लिए अभूतपूर्व तरीका अपनाया, जिनमें नमक सबसे बुनियादी और प्राथमिक है। महताब अहमद ने कहा कि मेवात से गांधी का विशेष रिश्ता रहा है।

# उपायुक्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में वीरवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने



महात्मा गांधी की विचारधारा और उनके संघर्षों को याद करते हुए उनकी प्रेरणा से मार्गदर्शन प्राप्त करने का संकल्प लिया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी और उनका योगदान आज भी हर भारतीय के दिल में अमिट है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीदों को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। राष्ट्र की सेवा में दिए गए बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता का भी संकल्प लिया।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### विवादास्पद प्रवासी ट्रांसफर कार्यक्रम फिर से शुरू, अल्बानिया भेजे गए शरणार्थी

**रोम, एजेंसी।** इटली ने फिर से अपने विवादास्पद कार्यक्रम के तहत शरणार्थियों को अल्बानिया भेजना शुरू कर दिया है। यह कदम रोम के जजों की तरफ से स्थानांतरण के खिलाफ फैसला सुनाए जाने के कुछ महीने बाद उठाया गया है। रविवार को एक इतालवी नौसेना पोत ने 49 शरणार्थियों को अल्बानिया भेजा। यह कदम इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की प्रवासियों की संख्या को कम करने की योजना का हिस्सा है। यह योजना विवादास्पद है क्योंकि अल्बानिया यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य नहीं है, जिससे शरणार्थियों को ईयू के शरण नियमों के तहत सुरक्षा नहीं मिलती। आलोचकों का कहना है कि यह कार्यक्रम महंगा और अप्रभावी है, क्योंकि इसका खर्च 800 मिलियन यूरो (करीब 840 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है और यह इटली में आने वाले सभी प्रवासियों का सिर्फ एक छोटा हिस्सा ही कवर करेगा। 2024 में 66,000 से अधिक शरणार्थी इटली पहुंचे, जो पिछले साल के 158,000 से काफी कम हैं। अक्टूबर 2023 में इटली ने अल्बानिया में दो नए केंद्रों में प्रवासियों को स्थानांतरित करना शुरू किया। ये केंद्र शेंगजिन और जियाडे शहरों में स्थित हैं। इन केंद्रों में प्रवासियों को पहचान प्रक्रियाओं से गुजरना होगा जब तक कि उन्हें इटली अधिकारी उनके शरण अनुरोधों पर निर्णय नहीं ले लिया जाए। इटली ने नवंबर 2023 में अल्बानिया के साथ एक पांच साल का समझौता किया, जिसके तहत इन केंद्रों में उन प्रवासियों को रखा जाएगा जिन्हें इतालवी नौसेना और तट रक्षक द्वारा भूमध्य सागर में बचाया गया है और जो इटली में शरण लेना चाहते हैं। इस योजना के तहत केवल उन प्रवासियों को भेजा जाएगा जिनके देश को इटली सुरक्षित मानता है, लेकिन नाबालिग, महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य इससे बाहर रहेंगे। इस योजना को लेकर घरेलू और यूरोपीय स्तर पर काफी विवाद है। वामपंथी राजनीतिक दल और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि अल्बानिया में शरणार्थियों के अधिकारों की पर्याप्त सुरक्षा नहीं की जाएगी। वहीं, दक्षिणपंथी राजनीतिक दल इसे अनियमित प्रवासन को नियंत्रित करने के लिए एक प्रभावी तरीका मानते हैं। इस परियोजना का संचालन इतालवी आंतरिक मंत्रालय करेगा, और केंद्रों में इटली के कर्मचारी काम करेंगे, जबकि अल्बानिया सुरक्षा प्रदान करेगा। अल्बानिया में प्रवासियों की संख्या 3,000 से अधिक नहीं होने दी जाएगी।

### अमेरिका का एफ 35 लड़ाकू विमान अलास्का में क्रैश:लैंडिंग के दौरान हादसा

**अलास्का, एजेंसी।** अमेरिका का एक एडवांस लड़ाकू विमान एफ35 मंगलवार को अलास्का में क्रैश हो गया है। विमान के पायलट ने पैराशूट की मदद से जान बचाई। हादसा अलास्का के एयेल्सन एयर फोर्स बेस पर प्रशिक्षण दौरान हुआ। हादसा भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 3 बजकर 19 मिनट (स्थानीय समयानुसार मंगलवार दोपहर 12 बजकर 49 मिनट) हुआ। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें विमान को रनवे पर गिरते और टकराते देखा गया. हालांकि, विमान के पायलट ने समय रहते पैराशूट की मदद से निकलकर अपनी जान बचा ली. एयरफोर्स की 354वीं फाइटर विंग के कमांडर कर्नल पॉल टाउनसेंड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पायलट को उड़ान के दौरान विमान में गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था। इसकी वजह से लैंडिंग के दौरान विमान हादसा हुआ। हादसे के बाद पायलट सुरक्षित है। ये एक सिंगट सीटर लड़ाकू विमान था, जिसमें सिर्फ एक पायलट सवार था। एफ-35 लड़ाकू विमान 5वीं पीढ़ी का विमान है। इसका निर्माण लॉकहेड मार्टिन ने किया है। इस प्लेन को 2006 से बनाना शुरू किया गया था। 2015 से यह अमेरिकी वायुसेना का एक अहम हिस्सा है। एफ-35 एक स्टील्थ फाइटर जेट है, जिसे अमेरिका के अलावा चीन और रूस जैसे देशों के पास भी स्टील्थ तकनीक वाले लड़ाकू विमान हैं. एफ-35 की कीमत करीब 684 करोड़ रुपये प्रति यूनिट है. इसका ऑपरेशन व मेंटेनेंस अमेरिका के लिए भी चुनौतीपूर्ण है. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी सरकार ने स्न-35 फाइटर जेट प्रोग्राम पर अब तक करीब 2 ट्रिलियन डॉलर खर्च कर दिए हैं, जो इसे एक महंगा प्रोजेक्ट बनाता है. एफ-35 की विशेषता इसकी स्टील्थ तकनीक है, जिससे इसे रडार से ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है. यह लड़ाकू विमान 1.6 मैक की रफ्तार से उड़ान भर सकता है और लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम है. इसमें एडवांस सेंसर और मिसाइल बॉडी के अंदर फिट होने की क्षमता जैसी खूबियां हैं. लेकिन इसके बावजूद, इसके रडार सिस्टम के अत्यधिक गर्म होने और इंजन क्षमता पर सवाल उठते रहे हैं. एफ-35 की ऑपरेशनल लागत इतनी ज्यादा है कि इसे अमेरिका के लिए एक सफेद हाथी माना जाने लगा है. विमान की टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसमें अभी भी कई समस्याएं बरकरार हैं. एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका को नई इंजन टेक्नोलॉजी और कम लागत वाले मेंटेनेंस सिस्टम पर ध्यान देना चाहिए.-फरवरी 2024 में बेंगलुरु में एयरो इंडिया शो हुआ था। इसमें दुनियाभर के विदेशी विमान शामिल हुए, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं थीं अमेरिका में बने एफ-35 फाइटर जेट ने। दरअसल, पहली बार अमेरिकी एफ-35 फाइटर भारत आए थे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत को रिझाने के लिए अमेरिका की ये एक कोशिश थी।

## संघीय कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी, कर्मियों को आठ महीने का वेतन लेकर नौकरी छोड़ने का विकल्प दिया गया



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में संघीय कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी है। ट्रंप प्रशासन ने संघीय कर्मचारियों को आठ महीने का वेतन देकर नौकरी छोड़ने का विकल्प दिया है। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को एलान किया कि जो कर्मचारी अगले सप्ताह तक नौकरी छोड़ने का विकल्प चुनेंगे, उनको ही यह लाभ मिलेगा। अमेरिकी सरकार की मानव संसाधन एजेंसी ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी संघीय कर्मचारियों को उपयुक्तता और आचरण के बेहतर मानकों के अधीन किया जाएगा। एजेंसी ने भविष्य में छंटनी की भी चेतावनी दी है।

एजेंसी की ओर से लाखों कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि जो लोग स्वेच्छा से अपने पद छोड़ेंगे, उन्हें लगभग आठ महीने का वेतन मिलेगा। मगर उन्हें छह फरवरी तक ऐसा करने का विकल्प चुनना होगा। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की अध्यक्षता वाले सरकारी दक्षता विभाग के सलाहकार बोर्ड में शामिल केटी मिलर ने एक्स पर लिखा कि ईमेल दो मिलियन से अधिक संघीय कर्मचारियों को भेजा गया है।

ईमेल में अमेरिका के कार्मिक प्रबंधन मंत्रालय (ओपीएम) ने चार निर्देश दिए हैं। मंत्रालय का कहा है कि ट्रंप संघीय कार्यबल को आगे बढ़ने के लिए अनिवार्य कर रहे हैं। इसमें यह भी शामिल है कि अधिकांश कर्मचारी पूर्णकालिक रूप से अपने कार्यालयों में लौट आएं। ईमेल में कहा गया कि कोविड के बाद से दूर से काम कर रहे संघीय कर्मचारियों में से अधिकांश को सप्ताह में पांच दिन अपने कार्यालय से काम करना होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी पिछले सप्ताह कहा था कि संघीय कर्मचारियों को अपने कार्यालय जाना होगा और काम करना होगा। अन्यथा आपके पास नौकरी नहीं होगी।

ईमेल में लिखा है कि हर कर्मचारी की उत्कृष्टता पर जोर दिया जाएगा। ट्रंप प्रशासन के तहत सरकार के कार्यबल के कुछ हिस्सों में वृद्धि हो सकती है। इसके चलते अधिकांश संघीय एजेंसियों का आकार कम होने की संभावना है। ईमेल में यह भी कहा गया है कि संघीय कार्यबल में ऐसे कर्मचारी शामिल होने चाहिए जो विश्वसनीय, वफादार, भरोसेमंद हों और जो अपने दैनिक कार्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हों। निर्देश में यह भी कहा गया है कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, कर्मचारियों के लिए उपयुक्तता और आचरण के मानकों में वृद्धि की जाएगी।

इसके अलावा संघीय कर्मचारियों को अपने पद छोड़ने के लिए एक त्यागपत्र शामिल है। इसमें कहा गया है कि यदि आप इन निर्देशों के तहत इस्तीफा देते हैं, तो आपके दैनिक कार्यभार की परवाह किए बिना आपको सभी वेतन और लाभ मिलते रहेंगे। 30 सितंबर तक आपको सभी व्यक्तिगत कार्य आवश्यकताओं से छूट दी जाएगी। ईमेल में निर्देश स्वीकार करने के तरीके के बारे में भी बताया गया है। इसमें कहा गया है कि यदि आप इस्तीफा देना चाहते हैं तो इस ईमेल पर उत्तर दें चुनें। आपको अपने सरकारी खाते से उत्तर देना होगा। इस ईमेल के मुख्य भाग में इस्तीफा शब्द लिखें और भेजें पर क्लिक करें।

**अर्थव्यवस्था हो सकती है प्रभावित :** ट्रंप प्रशासन के निर्देशों के बाद बताया जा रहा है कि सरकार की इस प्रक्रिया के बाद अमेरिकी अर्थव्यवस्था हो सकती है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार पिछले साल नवंबर तक संघीय सरकार ने तीन मिलियन से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया था, यह देश के कुल नागरिक कार्यबल का लगभग 1.9 प्रतिशत था। वहीं एक संघीय कर्मचारी का औसत कार्यकाल लगभग 12 साल है। बताया जा रहा है कि अगर कर्मचारियों का एक अंश भी सरकार के निर्देश को स्वीकार कर लेता है तो अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मच सकती है। इससे पूरे समाज में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। इन निर्देशों के बाद वेटरन्स अफेयर्स डिपार्टमेंट में कार्यरत अनगिनत फ्रंट-लाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता, घर खरीदने वालों या छोटे व्यवसायों के लिए ऋण प्रक्रिया करने वाले अधिकारी और सैन्य हथियार खरीदने में मदद करने वाले ठेकेदार सभी एक साथ बाहर निकल सकते हैं। साथ ही अनुभवी खाद्य निरीक्षकों और जल आपूर्ति का परीक्षण करने वाले वैज्ञानिक भी कम हो सकते हैं। इससे तमाम सेवाओं पर प्रभाव पड़ सकता है।

**वफादार न रहने वालों पर डाला जाए दबाव :** अमेरिकन फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट इंपलाइज यूनियन के अध्यक्ष एवरेट केली ने कहा कि इसे स्वैच्छिक खरीद के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। बल्कि नए प्रशासन के प्रति वफादार नहीं माने जाने वाले कर्मचारियों पर नौकरी छोड़ने का दबाव डालना चाहिए। केली ने कहा कि संघीय सरकार से समर्पित करियर वाले संघीय कर्मचारियों को हटाने से व्यापक, अनपेक्षित परिणाम होंगे, जो उन अमेरिकियों के लिए अराजकता का कारण बनेंगे जो एक सरकार पर निर्भर हैं। श्रमिक विरोधी कार्यकारी आदेशों और नीतियों की झड़ी के बीच ट्रंप प्रशासन का लक्ष्य संघीय सरकार को एक विषाक्त वातावरण में बदलना है, जहां कर्मचारी चाहकर भी नहीं रह सकते।

**ट्रंप ने दिया था संघीय कर्मचारियों को वर्गीकृत करने का आदेश :** शपथ ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय कर्मचारियों को वर्गीकृत करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश के तहत संघीय सरकार (राष्ट्रपति के अंतर्गत आने वाले प्रशासन) के कर्मचारियों को वर्गीकृत किया जाएगा। इससे उन्हें निकालने में आसानी होगी, जिससे सरकार अपने आकार को छोटा करेगी और गैर-जरूरी खर्चों में भी कटौती करेगी। डोनाल्ड ट्रंप ने सरकार की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए पहले ही एक सरकारी दक्षता मंत्रालय बनाया है, जिसकी कमान एलन मस्क के हाथ में है। इस मंत्रालय के जरिए प्रशासन के उन कर्मियों को निकालने की तैयारी है, जो कि अमेरिका में डीप स्टेट से जुड़े हैं।

**एफ श्रेणी बनाई :** कार्यकारी आदेश के जरिए ट्रंप ने अब सरकारी कर्मियों के लिए एक श्रेणी एफ भी बना दी है, जिसमें हजारों संघीय कर्मचारियों को रखा जाएगा। बताया गया है कि अपने 2025 की परियोजना के तहत ट्रंप सरकार अब ऐसे कर्मियों की छंटनी करेगी, जो पिछले कार्यकाल के नेताओं और अधिकारियों के प्रति वफादार हैं और नई सरकार के कामों में अवरोध पैदा कर सकते हैं। इन्हें ट्रंप ने अमेरिका में डीप स्टेट करार दिया है।

### लागोस स्थित चीनी जनरल कौंसुलेट ने वसंतोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया

**बीजिंग, एजेंसी।** नाइजीरिया के लागोस शहर स्थित जनरल कौंसुलेट ने 25 जनवरी को स्थानीय प्रवासी चीनी संगठनों के साथ वसंतोत्सव मनाने के लिए सिलसिलेवार कार्यक्रमों का आयोजन किया। खाद्य उत्सव, प्रदर्शनी, सत्कार समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम में चीनियों, प्रवासी चीनियों और नाइजीरिया के दोस्तों समेत दो हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। खाद्य उत्सव में जनरल कौंसुलेट, कांसुलर जिले में प्रवासी चीनी वित्त पोषित खानपान उद्यमों और संबंधित चीनी उद्यमों की कैंटीन टीमों ने 23 मंडप स्थापित कर मेहमानों को स्वादिष्ट दावत दी।

कार्यक्रम के दौरान बेल्ट एंड रोड से जुड़े प्रसिद्ध उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। करीब 40 उद्यमों ने पारंपरिक हस्तशिल्प, आधुनिक प्रौद्योगिकी उत्पाद और अभिनव डिजाइन समेत तरह-तरह के उत्पाद लेकर प्रदर्शनी में भाग लिया। सत्कार समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम में चीनी जनरल कौंसुलर यान यूछिंग ने चीनी और नाइजीरियाई दोस्तों को वसंत त्योहार की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में चीन और नाइजीरिया के नेताओं की सफल मुलाकात हुई। दोनों पक्षों के बीच विभिन्न स्तरीय आदान-प्रदान सक्रिय रहे और कांसुलर जिले में विभिन्न क्षेत्रों में मित्रवत सहयोग में उल्लेखनीय उपलब्धियां मिलीं।

## ब्रिटेन को पसंद आया भारत का एआई मॉडल

**स्पीकर हॉयल बोले- इससे यूके की संसदीय प्रक्रिया को बेहतर हो सकती**



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष सर लिंडसे हॉयल ने अपनी संसदीय प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए भारत के एआई मॉडल को अपनाने पर जोर दिया। लंदन के गिल्ड हॉल में प्रवासी समुदाय के एक सम्मेलन में स्पीकर लिंडसे हॉयल ने कहा कि भारत की ओर से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को लेकर की गई प्रगति का ब्रिटेन की संसदीय प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है।

लंदन में भारतीय उच्चायोग के वार्षिक गणतंत्र दिवस समारोह में हाल ही में भारत के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की यात्रा का जिक्र करते हुए लिंडसे हॉयल ने कहा कि उनकी यात्रा के दौरान हमें कई चौंकाने वाली जानकारियां मिलीं। हमें पता चला कि भारत ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल में आगे है। हमें यह जानकर अच्छा लगा कि एआई भारत की संसद की प्रकियाओं का एक साथा 22 भाषाओं में अनुवाद करता है। इसलिए मैंने भारत के लोकसभा स्पीकर से कहा था कि हम इस मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं कि एआई ब्रिटेन की संसदीय प्रक्रियाओं को कैसे बेहतर बना सकता है। उन्होंने कहा कि इससे पता लगता है कि भारत कैसे शानदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। इसलिए दो बड़ी संसदों को सहयोग जारी रखना चाहिए और अपने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए एक-दूसरे से सीखना चाहिए। सम्मेलन में लंकाशायर के चोर्ले से सांसद ने अपने निर्वाचन क्षेत्र और भारत के ऐतिहासिक संबंधों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत और लंकाशायर का संबंध कभी नहीं टूटेगा। मैं जब भी इतिहास को देखता हूं तो मुझे लगता है कि भारत और लंकाशायर के विशेष संबंध के कारण भारत के लिए मेरा प्यार हमेशा बना रहेगा। दरअसल 1931 में महात्मा गांधी ने लंकाशायर की कपड़ा मिलों का दौरा किया था।

**भारत दुनिया को दे रहा आकार :** ब्रिटेन के स्वास्थ्य सचिव वेस स्ट्रीटिंग ने भारत के साथ की गई स्वास्थ्य और जीव विज्ञान साझेदारी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों के सहयोग को गहरा करेगी। उन्होंने कहा कि कोई संदेह नहीं है कि भारत एक वैश्विक शक्ति के तौर पर इस सदी में दुनिया और मानवता की संभावनाओं को आकार दे रहा है। यही हमारे रिश्ते में सबसे महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि 21वीं सदी में तानाशाह नहीं बल्कि लोकतंत्र पनपे।

**भारतीय उच्चायुक्त ने भी द्विपक्षीय संबंधों पर की बात :** भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि हमारी साझेदारी मजबूत है। भारत की वृद्धि और विकास न केवल यूके के लिए अपनी राष्ट्रीय संपदा को बनाए रखने के लिए आर्थिक अवसर प्रदान करता है, बल्कि वास्तविक विकास का अवसर भी देता है।

ब्रिटेन का वित्तीय क्षेत्र भारत के बुनियादी ढांचे, सड़कों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, रेलवे, आवास और औद्योगिक गलियारों के निर्माण में निवेश करके टिकाऊ लाभ पा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सांसद मौजूद थे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

## कांगो में दक्षिण अफ्रीकी शांति सेना के चार और सैनिक मारे गए, संख्या बढ़कर हुई 13




**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय रक्षा बल (एसएएनडीएफ) के चार और सैनिक मारे गए। दक्षिण अफ्रीका के रक्षा विभाग (डीओडी) ने पुष्टि की है। इसके साथ ही एसएएनडीएफ सैनिकों की मृत्यु की संख्या 13 हो गई है। विभाग ने एक बयान में कहा, ÷सोमवार, 27 जनवरी को गोमा हवाई अड्डे के पास, जहां एसएएनडीएफ (कांगो की डिफेंस फोर्स ) का बेस स्थित है। वहां और एम23 (मार्च 23 मूवमेंट) के बीच मोर्टार बम दागे गए। जिसमें एसएएनडीएफ के तीन सदस्य मारे गए।÷

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एम23 विद्रोहियों ने गोमा हवाई अड्डे की दिशा में कई मोर्टार बम दागे, जो एसएएनडीएफ बेस पर गिरे और परिणामस्वरूप मौतें हुईं। बयान के अनुसार, पिछले तीन दिनों में हुई लड़ाई में लगी चोटों के कारण चौथे शांति सैनिक की मौत हो गई। अन्य घायल एसएएनडीएफ सदस्यों को डीआरसी के पूर्वी प्रांत नॉर्थ किवु की राजधानी गोमा के एक अस्पताल में चिकित्सा सहायता मिल रही है। रक्षा विभाग द्वारा शनिवार को जारी एक पूर्व बयान के अनुसार, दो दिनों की भीषण लड़ाई के बाद शुक्रवार तक नौ दक्षिण अफ्रीकी सैनिक मारे गए थे।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने सोमवार शाम को अपने रवांडाई समकक्ष से पूर्वी डीआरसी में बढ़ती हिंसा के बारे में बात की। एसएएनडीएफ सैनिक डीआरसी में दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय मिशन (एसएएमआईडीआरसी) का हिस्सा हैं। जो अफ्रीका के दूसरे सबसे बड़े देश की सरकार को शांति, सुरक्षा और स्थिरता बहाल करने में सहायता करने के लिए तैनात हैं। रक्षा विभाग ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, ÷एसएएनडीएफ डीआरसी में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन और एसएएमआईडीआरसी के तहत अपनी शांति स्थापना जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।÷

## यूएन प्रमुख ने बढ़ते संघर्ष को लेकर डीआरसी और रवांडा के राष्ट्रपतियों से फोन पर बात की



**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) और रवांडा के राष्ट्रपतियों के साथ फोन पर बात की और डीआरसी में बढ़ते संघर्ष पर चर्चा की। बातचीत की विषय-वस्तु के बारे में पूछे जाने पर, संयुक्त राष्ट्र महासचिव के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने नियमित ब्रीफिंग में जवाब दिया, ÷महासचिव ने स्पष्ट रूप से डीआरसी की स्थिति पर चर्चा की, और वे सार्वजनिक और निजी तौर पर इस बात के लिए बहुत स्पष्ट रहे हैं कि रवांडा को एम23 (मार्च 23 आंदोलन) को समर्थन देना बंद कर देना चाहिए और डीआरसी से हट जाना चाहिए।÷


सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, ÷एम23 विद्रोहियों ने पूर्वी डीआरसी के सबसे बड़े शहर गोमा के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया है, जबकि रवांडा ने आरोपों से इनकार किया है कि उसके सैनिक डीआरसी में थे और एम23 का समर्थन कर रहे थे।÷ प्रवक्ता ने कहा कि रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे के साथ बातचीत के दौरान गुटेरेस ने डीआरसी की लड़ाई में नागरिकों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया।

रविवार को जारी एक बयान में, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि वे पूर्वी डीआरसी में बढ़ती हिंसा से बहुत चिंतित हैं, और उन्होंने एम23 के चल रहे आक्रमण और गोमा की ओर बढ़ने की अपनी कड़ी निंदा दोहराई। उन्होंने एम23 से सभी शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों को तुरंत बंद करने और कब्जे वाले क्षेत्रों से हटने की अपील की। दुजारिक ने ब्रीफिंग में यह भी कहा कि गोमा में स्थिति तनावपूर्ण और अस्थिर बनी हुई है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ÷हमें बताया गया है कि एम23 फोर्स शहर के अंदर हैं, और संयुक्त राष्ट्र शांति सेना कर्मियों और सैनिकों को बड़े पैमाने पर अपने ठिकानों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। गोमा में चिकित्सा सुविधाएं कथित तौर पर परेशान करने वाली हैं और आवश्यक सेवाएं स्पष्ट रूप से बाधित हुई हैं।÷ प्रवक्ता ने कहा कि एम23 का एयरपोर्ट पर नियंत्रण है। मसीसी, रुत्शुरू और न्यारागोंगो सहित कई क्षेत्रों में सशस्त्र संघर्ष जारी हैं।

## अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और बुच को वापस लाने पर जोर, डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क से मांगी मदद





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की जल्दी वापसी को लेकर मदद मांगी है। मस्क ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को जल्दी वापस लाने के लिए कहा है।

**बाइडन पर उठाए सवाल :** एलन मस्क ने एक सोशल मीडिया में कहा कि भयानक है कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने इन दोनों को इतने लंबे समय तक अंतरिक्ष स्टेशन पर छोड़ा हुआ था, जबकि नासा ने पहले ही महीनों पहले स्पेसएक्स से इन्हें वापस लाने के लिए कहा था। साथ ही मस्क ने कहा कि वे दोनों को जल्द से जल्द घर वापस लाएंगे।

मस्क ने कहा कि नासा ने हमेशा यह कहा है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री फंसे नहीं हैं और वे स्वस्थ और अच्छे मूड में हैं। सुनीता और बुच को 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर यान से अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भेजा गया था, लेकिन उड़ान में कुछ दिक्कतें आईं और अंत में यह तय किया गया कि स्टारलाइनर को वापस लाना बहुत जोखिम भरा था। फिर, नासा ने स्पेसएक्स से इन दोनों को वापस लाने के लिए कहा था।

**फ्रीडम नामक कैप्सूल से आएंगे यात्री :** साथ ही स्पेसएक्स के क्रू-9 मिशन में विलियम्स और विल्मोर को शामिल किया गया, लेकिन इसमें भी कई देरी हुई। अब मस्क ने कहा कि वे इन दोनों को जल्द ही स्पेसएक्स के फ्रीडम नामक कैप्सूल से आईएसएस से वापस लाने का काम करेंगे।

**क्यों हो रही देरी, एक नजर :** बता दें कि बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। केवल 10 दिनों तक चलने वाली इस उड़ान को कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने के बाद, नासा और बोइंग ने अंतरिक्ष यान में समस्याओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए हफ्तों तक काम किया, लेकिन अंततः यह निर्णय लिया गया कि स्टार्टलाइनर को चालक दल के साथ वापस लाना बहुत जोखिम भरा था।

इसके बाद, अगस्त 2024 में, अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की कि उसने स्पेसएक्स से विलियम्स और विल्मोर को स्पेसएक्स क्रू-9 कैप्सूल में घर लाने के लिए कहा है। नासा ने सितंबर में स्पेसएक्स ड्रैगन पर लॉन्च होने वाले चार क्रू सदस्यों में से दो को हटाकर दो अंतरिक्ष यात्रियों को क्रू-9 में शामिल कर लिया। हालांकि, दिसंबर में एक और देरी हुई, क्योंकि स्पेसएक्स को नवीनतम ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर काम करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता थी, जो क्रू-10 के प्रक्षेपण के साथ शुरू होगा।

# सर्दियों में स्किन का ख्याल रखता है गुड़, इन तीन तरीकों से करें इस्तेमाल



**सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है।**

ठंड के मौसम में हम सभी गुड़ का सेवन जरूर करते हैं। यह शरीर को गरमाहट प्रदान करता है। लेकिन क्या आपको पता है कि गुड़ ठंड के दिनों में आपकी स्किन का ख्याल भी रख सकता है। सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है।

गुड़ को आप कई अलग-अलग तरीकों से अपने विंटर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि ठंड के दिनों में अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए आप गुड़ का इस्तेमाल किस तरह करें-

गुड़ और शहद से बनाएं फेस मास्क

ठंड के मौसम में अपनी स्किन की नमी को बनाए रखने और डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप गुड़ और शहद की मदद से फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल करें।

आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच गुड़ पाउडर या कुचला हुआ

1 बड़ा चम्मच शहद

इस्तेमाल का तरीका-

सबसे पहले गुड़ को शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाएं।

अंत में, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और स्किन को मॉइश्चराइज करें।

गुड़ से बनाएं लिप बाम

ठंड के मौसम में होंठों के रूखेपन या फटने की समस्या बेहद आम है। ऐसे में आप गुड़ की मदद से लिप बाम बनाएं। यह आपके होंठों की नमी को बनाए रखने में मदद करेगा।

आवश्यक सामग्री-

1 चम्मच गुड़

1 चम्मच घी या नारियल का तेल

इस्तेमाल का तरीका-

गुड़ को घी या नारियल के तेल के साथ मिक्स करें।

अब इसे अपने होठों पर लगाएं।

आप हर दिन इसका इस्तेमाल कर सकती हैं और सर्दियों में भी होंठों को मुलायम बनाए रख सकती हैं।

गुड़ से बनाएं स्क्रब

गुड़ की मदद से स्क्रब भी बनाया जा सकता है। आप इसके साथ ओट्स या चीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच गुड़

1 बड़ा चम्मच पिसा हुआ ओट्स या चीनी

1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल

स्क्रब बनाने का तरीका-

सबसे पहले गुड़ को पिसे हुए ओट्स या चीनी के साथ मिक्स करें।

अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं।

इसे अपने चेहरे या शरीर पर लगाकर मसाज करें और धो लें।

## हेल्दी डाइट के बाद भी कम नहीं हो रहा बजन तो आज से ही शुरू कर दें यह काम, एक हफ्ते में दिखेगा असर

**वेट लॉस करना चाहते हैं और इसके लिए एक्सरसाइज भी करते हैं। हेल्दी खाना भी खाते हैं। लेकिन फिर भी मनचाहा रिजल्ट नहीं मिल रहा। इसके लिए कई बार लाइफस्टाइल की बहुत छोटी बातें जिम्मेदार होती हैं। इस बारे में फिटनेस कोच शितिजा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि कैसे वर्कआउट करने के बाद भी वजन कम नहीं हो रहा।**

आखिर क्यों दिखता है बढ़ा हुआ वजन

अगर आपका वजन भी रोज एक किलो के करीब ज्यादा दिख रहा तो इसके लिए कई फैक्टर जिम्मेदार होते हैं।

-रात को हाई कार्बोहाइड्रेट वाला डिनर

-स्ट्रेस

-बहुत ज्यादा हैवी वर्कआउट, जिसकी वजह से मसल्स लॉस होने की बजाय स्ट्रेंथ पाती हैं।

-रात को देर से खाना

-पीरियड्स के दौरान भी कुछ महिलाओं का वजन बढ़ा हुआ दिखता है।

-अगर आपकी नींद ठीक से पूरी नहीं हो रही तो भी वेट गेन होगा।

-वेट नापते वक्त आपका पेट खाली होना चाहिए। अगर आप शौच के लिए जाने वाले हैं तो वजन ना तौलें। ऐसे वक्त में भी वेट ज्यादा दिखता है।

-ज्यादा नमक और सोडियम रिच फूड्स खाने की वजह से शरीर में वाटर रिटेंशन की प्रॉब्लम हो जाती है और वजन ज्यादा दिखने लगता है।


कैसे पता करें कि हो रहा वेट लॉस

-अगर आप वजन नापने वाली मशीन पर खड़े होने पर वजन घटा हुआ नहीं पाते तो घबराएं नहीं। रोज वजन घटने की बजाय बढ़ा हुआ दिख रहा तो इस तरह पता करें कि आपकी एक्सरसाइज असर दिखा रही है।

-आपके कपड़ों की साइज बदल गई है और फिटिंग चेंज हो गई है।

-शरीर ज्यादा फ्रेश और स्ट्रांग महसूस करता है। जैसे कि सीढ़ियां चढ़ते वक्त या फिर वेट ट्रेनिंग करना अब पहले से आसान लगता है।

रोज-रोज वजन फ्लक्चुएट हो रहा लेकिन लंबे समय में वजन घटा है तो इसका मतलब है कि आपकी डाइट और एक्सरसाइज असर दिखा रही है।





# स्वेटर-शॉल पर आ गए हैं रोएं तो निकालने के लिए अपनाएं ये तरीके

**गर्म कपड़ों में रोएं निकलने से हर कोई परेशान रहता है। एक-दो धुलाई के बाद वूलेन कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। जिसकी वजह से महंगे से महंगा कपड़ा पुराना नजर आने लगता है। लेकिन आप कुछ आसान हैक्स की मदद से आप इनको आसानी से हटा सकते हैं।**

दिसंबर और जनवरी का महीना आते-आते कई राज्यों में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। सर्दी से बचने के लिए हम सभी ऊनी कपड़ों का सहारा लेते हैं। लेकिन गर्म कपड़ों में रोएं निकलने से हर कोई परेशान रहता है। एक-दो धुलाई के बाद वूलेन कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। जिसकी वजह से महंगे से महंगा कपड़ा पुराना नजर आने लगता है। लेकिन आप कुछ आसान हैक्स की मदद से आप इनको आसानी से हटा सकते हैं। इसके साथ ही आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। जिससे कि इन कपड़ों में रोएं न लगें। वहीं रोएं की वजह से आपका कपड़ा खराब हो रहा है, तो आप कंघी वाली ट्रिक आजमा सकती हैं।

कपड़ों से क्यों निकलते हैं रोएं

कपड़ों को गलत तरीके से धोने या सुखाने से रोएं निकलने लगते हैं।

ऊनी कपड़े पहनकर सोने से भी कपड़ों में रोएं निकलने लगते हैं।

ऊनी कपड़ों को गर्म पानी से धोने से रोएं भी निकलने लगते हैं।

सस्ती और खराब क्वालिटी का ऊन होने पर रोएं निकल सकते हैं।

### कंघी से हटाएं रोएं

आप कंघी की मदद से भी वूलेन कपड़ों से रोएं हटा सकती हैं। सबसे अच्छी बात ये है कि इसमें किसी तरह का कोई खर्च नहीं आता है। आप रोएं वाली जगह पर कंघी को घुमाना होगा। ऐसे में कंघी में रोएं फंसकर साफ हो जाएंगे। ध्यान रखें कि रोएं निकालने के लिए पतली कंघी लेनी होगी।

### इन ट्रिक्स से निकालें रोएं

आप पैकिंग टेप की सहायता से आसानी से रोएं निकाल सकते हैं। इसके लिए रोएं पर टेप लगाएं।

इसके अलावा वूलेन कपड़ों को विनेगर में भिगोकर रखें, इससे रोएं आसानी से निकल सकते हैं।

आप शेविंग रेजर की सहायता से भी रोएं निकाल सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि रोएं निकालते समय कपड़े को कोई नुकसान न हो।

वहीं अगर आपके पास लिंट रिमूवर है, तो यह बेस्ट ऑप्शन होगा।

### ऐसे धोएं ऊनी कपड़े

बता दें कि बहुत सारे लोग ऊनी कपड़ों को गर्म पानी से धोते हैं, जिसकी वजह से कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। बल्कि गर्म पानी से धोने से इसकी बनावट भी खराब हो जाती है। इसलिए सबसे अच्छा तरीका है कि आप वूलेन कपड़ों को गर्म पानी से धोएं। वहीं अगर आप वूलेन कपड़ों को वॉशिंग मशीन में धोते हैं, तो आपको वूल या डेलिकेट मोड ऑन करें। अगर आप हाथ से इन कपड़ों को धोते हैं, तो ज्यादा बेहतर रहेगा। गर्म कपड़ों को सही तरीके से धोने से गर्म कपड़ों में रोएं की कोई परेशानी नहीं होती है।

## साइकल चलाते समय न करें ये गलतियां

**अधिकतर लोग खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चलाना पसंद कर रहे है और फिटनेस के लिए इसे अपनी रूटीन में शामिल कर रहे है। वैसे भी फिट और एक्टिव रहने के लिए साइकिल चलाना बेस्ट माना जाता है। यदि नियमित रूप से साइकिल चलाई जाए तो इससे बॉडी की पूरी एक्सरसाइज होती है। और टोन्ड और परफेक्ट फिगर पा सकते है। लेकिन साइकिल चलाते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। वरना सेहत से जुड़ी अन्य समस्या हो सकती हैं।**

- कुछ लोगों की आदत होती है कि वे बार-बार पानी पीते है, ये बिलकुल अच्छी बात है लेकिन साइकिल चलाते समय अधिक मात्रा में पानी नहीं पीना चाहिए। क्योंकि साइकिल चलाते वक्त अधिक मात्रा में पानी पीया जाएं तो इससे मतली की समस्या होने लगती है। वहीं ज्यादा पानी पीने से बार-बार पेशाब आएगी। जिससे पेट में दर्द हो सकता है। इसलिए साइकिल चलाते वक्त पानी न पीएं।
- साइकिल चलाना फिट रहने के लिए एक बेस्ट विकल्प है। इसलिए साइकिल चलाते वक्त फास्ट फूड या फिर जंक फूड से दूरी रखना ही बेहतर होता है, क्योंकि अनहेल्दी खाने से शरीर में फेट बढ़ता है। इससे आप सुस्त महसूस करेंगे।
- साइकिल चलाने से पहले स्ट्रेचिंग न करें। वैसे आमतौर पर वर्कआउट से पहले स्टेचिंग की सलाह दी जाती है। लेकिन साइकिल चलाने से पहले स्ट्रेचिंग न करें। इससे मांसपेशियां कमजोर हो सकती है और उनमें खिंचाव आ सकता है। यदि आप स्टेचिंग करना चाहते है तो कम से कम आधे घंटे पहले करें।
- कई बार ऐसा होता है कि हम साइकिल राइड को मजेदार बनाने के लिए स्टंट करना शुरू कर देते हैं। इससे एक्सीडेंट होने की संभावना अधिक रहती है।





## सर्दियों में लहसुनी पालक का लुत्फ उठाएं

सर्दियों के दौरान हरी सब्जियां खाना काफी पौष्टिक माना जाता है। पालक खाना सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होती। ठंड के मौसम में लहसुनी पालक का लुत्फ उठाएं, स्वाद इतना गजब सब करेंगे तारीफें।

ठंड के मौसम में साग, पालक और मेथी की सब्जी खूब खाई जाती है। सब्जी मंडी में इस समय पूरे बाजार में हरी सब्जियां नजर आती है। हरी सब्जियां सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। पालक के सेवन करने से शरीर को कई पोषक तत्व मिलते हैं। पालक में भरपूर न्यूट्रिशन पाए जाते हैं। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम, कैल्शियम, प्रोटीन और फाइबर मौजूद होता है। इस विंटर सीजन में लहसुनी पालक की सब्जी बनाएं, जो स्वाद और हेल्थ के लिए बढ़िया है। आइए आपको लहसुनी पालक रेसिपी बताते हैं।

लहसुनी पालक बनाने के लिए हमें क्या चाहिए?

- 1 बड़ा कटोरा पालक, उबालकर कटा हुआ
- 1 बड़ा चम्मच घी
- 1/4 छोटा चम्मच जीरा
- 2 बड़ा चम्मच कटा हुआ लहसुन
- 1 छोटा कटा प्याज
- 1 चम्मच कटी हरी मिर्च
- 2 साबुत सूखी लाल मिर्च
- 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/4 चम्मच मिर्च पाउडर
- स्वादानुसार नमक

तड़का के लिए

- 1 बड़ा चम्मच शुद्ध घी
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा
- 1 छोटा चम्मच कटा हुआ लहसुन
- 1 साबुत सूखी लाल मिर्च
- कटा हुआ टमाटर

लहसुनी पालक कैसे बनाएं

- सबसे पहले आप एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा, कटा हुआ लहसुन और साबुत सूखी लाल मिर्च डालें। कुछ समय तक भूने, फिर आप कटा हुआ प्याज डालें, जब तक यह ग्लोडन ब्राउन न हो जाए।

- अब कटी हुई हरी मिर्च, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर डालें। कुछ सेकंड के लिए भूनें, फिर कटा हुआ पालक और स्वादानुसार नमक डालें। कुछ मिनट तक भूनते रहें, और परोसने के बर्तन में निकाल लें।

- फिर आफ तड़का के लिए शुद्ध घी, जीरा, कटा हुआ प्याज और साबुत सूखी लाल मिर्च के साथ तड़का तैयार करें। जब तक लहसुन सुनहरा भूरा ने हो जाए तब तक इसे भूनें।

- अब आप इस तैयार किए हुए तड़के को लहसुनी पालक में डाल दीजिए और कटे हुए टमाटर से गार्निश करें।

## रेप के आरोप में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर गिरफ्तार

सीतापुर। उप्र के सीतापुर से कांग्रेस के सांसद राकेश राठौर को बलात्कार के आरोप में बृहस्पतिवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। राठौर इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अपनी अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन कर रहे थे। इसी दौरान कोतवाली नगर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सांसद की गिरफ्तारी की खबर में मिलने पर काफी संख्या में उनके समर्थक कोतवाली परिसर के बाहर जमा हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक, सांसद राठौर को न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ इसी महीने 15 जनवरी को एक महिला से शादी का झांसा देकर बलात्कार करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि राठौर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार बलात्कार किया है। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि राठौर पिछले चार साल से उससे शादी करने और उसे राजनीतिक करियर बनाने का झांसा देकर उससे बलात्कार कर रहे थे। इस मामले में स्थानीय अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद सांसद राठौर ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया था मगर वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली। उसके बाद इस मामले में उनकी गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया था। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया है कि सांसद की गिरफ्तारी उनके आवास से कोतवाली पुलिस ने की है।

## बाहुबली अनंत सिंह को जमानत के लिए करना होगा इंतजार

पटना। मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह को एमपीएमएल कोर्ट से गुरुवार को राहत नहीं मिली है। गोलीबारी कांड में सिंह को अदालत से जमानत के लिए अभी इंतजार करना होगा। सिंह की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान अदालत ने पटना पुलिस से केस डायरी मांगी है। अदालत से जमानत नहीं मिलने पर फिलहाल सिंह को जेल में ही रहना होगा। अब तय हैं कि अदालत केस डायरी को देखने के बाद ही सिंह की याचिका पर अगला आदेश देगी। पटना सिविल कोर्ट के वकील दिनकर दुबे ने कहा कि गोलीबारी के मामले में बाहुबली सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई है। अदालत ने मामले की सुनवाई कर केस डायरी की मांग की है और अगली सुनवाई केस डायरी आने के बाद होगी। पूर्व विधायक सिंह के वकील सुनील कुमार ने नियमित जमानत अर्जी एमएमएलए कोर्ट में दायर की थी। अनंत सिंह अदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद 24 जनवरी 2025 से जेल में बंद हैं। बाढ़ से मामला स्थानांतरित होकर पटना की विशेष अदालत में आया था। छोटे सरकार' के नाम से मशहूर सिंह एक बाहुबली नेता हैं, जिन्होंने बिहार की मोकामा विधानसभा सीट का कई बार प्रतिनिधित्व किया है। उनकी पत्नी और मोकामा की मौजूदा विधायक नीलम देवी हाल ही में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) छोड़ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) में शामिल हुई थीं।

## लखनऊ में गिराए जाएंगे 81 अपार्टमेंट

लखनऊ । लखनऊ में अवैध तरीके से बने 81 अपार्टमेंट गिराए जाएंगे। इन सभी में एलडीए ने नोटिस लगा दी है। इन्हें 14 दिनों का नोटिस दिया गया है। इसके बाद गिराने का काम शुरू हो जाएगा। पहले दो अपार्टमेंट तोड़े जाएंगे। 83 अपार्टमेंट में लगभग 2,000 फ्लैट बने हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर इन्हें गिराया जा रहा है। इनका निर्माण 2002 से 2012 के बीच में हुआ था। हाईकोर्ट में वर्ष 2012 में अवैध निर्माण पर एक पीआईएल दाखिल हुई थी, जिसमें 81 बिल्डिंग अवैध बनने की रिपोर्ट दी गई थी। एलडीए ने इन अपार्टमेंट के खिलाफ उस समय सीलिंग की कार्रवाई की थी। ध्वस्तीकरण का आदेश भी था लेकिन इमारतें तोड़ी नहीं जा सकीं।

## दिहाड़ी मजदूरों ने वेतन की मांग को लेकर सीएम उमर के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

जम्मू ।जम्मू-कश्मीर के वन्यजीव विभाग के दिहाड़ी मजदूरों ने गुरुवार को बेहतर वेतन और नियमित मासिक मजदूरी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्हें अन्य विभागों की तुलना में कम वेतन मिल रहा है, इससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान, मजदूरों ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की, ताकि उन्हें समय पर और बेहतर वेतन मिल सके। एक प्रदर्शनकारी नेता ने बताया कि 2017 में पिछले सरकार द्वारा जारी परिपत्र में मासिक वेतन 9,300 निर्धारित किया गया था, लेकिन उन्हें केवल 2,000-3,000 प्रति माह ही मिल रहा है, जो इस मंहगाई में काफी कम है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पहले विभाग में 1,500 दिहाड़ी मजदूर थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटकर 750 रह गई है, और इनमें से किसी को भी नियमित मासिक वेतन नहीं दिया जा रहा है। वे अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, और उनके बच्चों की स्कूल फीस भी नहीं चुका पा रहे हैं।

## महाकुंभ में तैनात दारोगा की मौत, भगदड़ से नहीं तबीयत बिगड़ने से हुई

प्रयागराज। महाकुंभ में तैनात बहराइच जिले के उप निरीक्षक अंजनी कुमार राय का बुधवार को निधन हो गया। वे महाकुंभ के मेला क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात थे। जानकारी के मुताबिक बुधवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बहराइच जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने बताया कि अंजनी कुमार राय की मृत्यु महाकुंभ में खराब तबीयत के कारण हुई। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम किया गया है और बहराइच पुलिस प्रयागराज पुलिस के संपर्क में है। परिजनों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। मृतक अंजनी राय मूल रूप से गाजीपुर जिले के रहने वाले थे और वर्तमान में बहराइच जिले में तैनात थे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से शुरू होगा संसद का बजट सत्र

### 1 फरवरी को पेश होगा बजट, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार 8वां बजट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई। मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई।

संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके।

6 फरवरी को पीएम मोदी देंगे जवाब

बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी। पीएम मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी तक स्थगित हो जाएंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा जो 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा।

16 बिल ला सकती है सरकार

बजट सत्र में सरकार ने वक्फ (अमेंडमेंट) बिल के अलावा तीन नए बिल को सूचीबद्ध किया है। वक्फ बिल पर बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी गुरुवार को अपनी रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी है। इस सत्र में बजट और वक्फ बिल सहित कुल 16 बिलों पर कार्यवाही हो सकती है। इसमें से 12 बिल 2024 के मानसून और शीतकालीन सत्र में पेश किए जा चुके हैं। वहीं बजटीय प्रावधानों के फाइनेंस बिल सहित चार नए बिल इस सत्र में पेश हो सकते हैं। इसमें प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट इन एयरक्राफ्ट ऑब्जैक्ट्स,त्रिभुवन यूनिवर्सिटी बिल और इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल शामिल हैं।



## हनीप्रीत को डेरे की फुल पावर देगा राम रहीम, पावर ऑफ अटॉर्नी देने की तैयारी

सिरसा। राम रहीम के डेरा सच्चा सौदा के साढ़े 7 साल बाद सिरसा स्थित हेडक्वार्टर आने की बड़ी वजह सामने आई है। डेरे के टॉप सोर्सेज के मुताबिक राम रहीम डेरे की गद्दी को लेकर चल रहे विवाद के निपटारे के लिए यहां पहुंचा है। यह विवाद पहले राम रहीम के परिवार और मुख्य शिष्या हनीप्रीत के बीच चल रहा था। जिसके बाद परिवार विदेश चला गया। अब हनीप्रीत और डेरा मैनेजमेंट कमेटी के बीच विवाद चल रहा था। सूत्रों के मुताबिक विवाद को खत्म करने के लिए राम रहीम अपनी मुख्य शिष्या और मुंहबोली बेटी हनीप्रीत को डेरे की पावर दे सकता है। इसके लिए डेरे के मैनेजमेंट से लेकर फाइनेंस वगैरह तक की पावर ऑफ अटॉर्नी हनीप्रीत को दी जा सकता है। हालांकि डेरा मैनेजमेंट फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है। डेरे से जुड़े सोर्सेज के मुताबिक डेरे की गतिविधियों को लेकर किसी बात पर तुरंत फैसला लेना होता है तो उसमें काफी परेशानी होती है। इसके लिए डेरा मैनेजमेंट कमेटी को राम रहीम के पैरोल पर आने का इंतजार करना पड़ता है। ज्यादा देरी होने पर डेरा कमेटी को जेल में राम रहीम से मिलना पड़ता है। हालांकि इसमें उन्हें काफी परेशानी होती है। हनीप्रीत को राम रहीम का सबसे करीबी और राजदार माना जाता है। ऐसे में डेरे में आंतरिक तौर पर भी यह चर्चा है कि हनीप्रीत को डेरे की कमान सौंपी जा सकती है।

## राम मंदिर दर्शन को अयोध्या पहुंची लाखों की भीड सात दिनों में 18 लाख लोग पहुंचे राम मंदिर



**अयोध्या (एजेंसी)।** प्रयागराज में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने अयोध्या का रुख किया है। यही वजह है कि यहां लाखों की संख्या में रोज श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रामलला के दरबार में भक्तों की भीड़ को देखते हुए कि राममंदिर ट्रस्ट को व्यवस्थाएं बदलनी पड़ी। बीते सात दिनों में रामलला के दरबार में 18 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जबकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद सात दिनों में करीब 16 लाख श्रद्धालु आए थे।

बीती 26 से 29 जनवरी के बीच औसतन रोजाना तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक निरंतर खुल रहा है। इससे पहले मंदिर सुबह सात बजे से रात 9:30 बजे तक खुलता था। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि राममंदिर इन दिनों रोजाना 18 घंटे खुल रहा है। भीड़ नियंत्रण के लिए गेट नंबर तीन को भी खोल दिया गया है। अब श्रद्धालुओं की निकासी रामजन्मभूमि पथ के बजाय गेट नंबर तीन से ही हो रही है। एटीएस, सीआरपीएफ, पीएसी, पुलिस के जवान राममंदिर की सुरक्षा में लगे हैं। हाईटेक कंट्रोल रूमें से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। लाउड स्पीकार के माध्यम से श्रद्धालुओं को हर सुविधा की निरंतर जानकारी दी जा रही है। खोया पाया कैंप भी परिसर में स्थापित किया गया है। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि ट्रस्ट के 200 स्वंय सेवक श्रद्धालुओं की सेवा में लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं को पानी भी पिलाया जा रहा है। तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में बीमार श्रद्धालुओं का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। ट्रस्ट की टीम 24 घंटे व्यवस्थाओं की मानीटरिंग कर रही है।

## मनोज जरांगे करेंगे अनशन खत्म, अब बनाएंगे अलग रणनीति

### बोले- मैं सीएम देवेंद्र फडणवीस को चैन से नहीं बैठने दूंगा

**मुंबई (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन आज यानी गुरुवार को खत्म कर देंगे। उन्होंने आरक्षण की मांग को आगे बढ़ाने के लिए एक अलग रणनीति पर अमल करने का फैसला लिया है। जरांगे के अलावा महिलाओं समेत 104 कार्यकर्ताओं ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर 25 जनवरी से भूख हड़ताल शुरू की थी।

मनोज जरांगे ने आरक्षण के अलावा बीड जिले के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में शामिल लोगों के लिए मौत की सजा की मांग की है। संतोष देशमुख का 9 दिसंबर 2024 को अपहरण कर उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई थी। मनोज जरांगे ने बुधवार रात कहा कि वह गुरुवार को अनशन वापस लेंगे, क्योंकि इसे आगे बढ़ने के लिए एक अलग रणनीति अपनाने का फैसला किया है।

सरकार को यह साफ करना चाहिए कि क्या उसका मराठा समुदाय को आरक्षण देने का इरादा है। मनोज जरांगे ने



महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस पर मराठा समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह सीएम फडणवीस से शाम तक अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था लेकिन वह चुप रहे। मेरा अनशन इस बात से पर्दा उठाने के लिए था कि वास्तव में इस मुद्दे का समर्थन कौन करते हैं और कौन नहीं।

जरांगे ने कहा कि मैं सीएम को चैन से नहीं बैठने दूंगा। मराठा समुदाय अब जानता है कि गलती किसकी है। सत्ता में आने के बाद फडणवीस ने मराठों को धोखा दिया और आरक्षण के मुद्दे पर चुप रहे लेकिन मैं उन्हें नहीं छोड़ूंगा। महाराष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक इससे पहले दिन में बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद उन्होंने नसों के जरिए से तरल पदार्थ लेने से इनकार कर दिया था। अनशन के पांचवें दिन उनकी सेहत बिगड़ गई। मनोज जरांगे ने लोगों के अनुरोध पर सोमवार रात को थोड़ा पानी पीना स्वीकार किया था। वह मंगलवार को भी संतोष देशमुख के परिवार के अनुरोध के बाद पानी पीने के लिए राजी हुए थे।

मनोज जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी समुदाय को मराठा समुदाय के सदस्यों के 'सगे सोयरे' यानी रक्त संबंधी माना है ताकि उन्हें ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण दिया जा सके। जरांगे ने शनिवार को उम्मीद जताई थी कि सीएम फडणवीस मराठा समुदाय की मांगों को मानेंगे। यह एक सितंबर 2023 के बाद से उनका सातवां अनिश्चितकालीन अनशन है। उस समय पुलिस ने अंतरवाली सराटी में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया था।

## तिहाड़ में तैयारी: तहव्वुर राणा को भारत लाने के लिए अमेरिका जाएगी एनआईए की टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। आज गुरुवार को एनआईए की टीम राणा को लाने के लिए अमेरिका रवाना होगी। इधर तिहाड़ जेल में राणा को रखने की भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एनआईए ने गृह मंत्रालय को अधिकारियों के नाम सौंपे हैं और विदेश मंत्रालय को भी सूचित किया है। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि एनआईए टीम वर्तमान में अमेरिकी अधिकारियों के साथ कॉर्डिनेट कर रही है। यह टीम विदेश मंत्रालय से यात्रा की अंतिम पुष्टि का इंतजार कर रही है। इस टीम में आईजी, डीआईजी रैंक के अधिकारी



शामिल हैं, जो तहव्वुर राणा की भारत वापसी की निगरानी करेंगे।

इस बीच दिल्ली जेल विभाग ने तिहाड़ जेल में उनकी हिरासत के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारत आने के बाद आतंकी राणा को एक उच्च-सुरक्षा वार्ड में रखा जाएगा, जहां उसके सेल में उसकी गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। उसके ऊपर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में शामिल होने का आरोप है, जिसमें 166 लोग मारे गए थे। इस मामले में वह दोषी करार है। उसे पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जोड़ा गया था, जो हमले के मास्टरमाइंड में से एक था। आतंकी राणा के प्रत्यर्पण को उसके कानूनी चुनौतियों के खारिज होने के बाद मंजूरी दी गई, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को उनकी याचिका को खारिज कर दिया। अमेरिकी सरकार ने तर्क दिया कि राणा को प्रत्यर्पण से राहत नहीं मिलनी चाहिए। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ बी प्रेलोगर ने कहा कि राणा को इस मामले में कोई और कानूनी उपाय नहीं मिलना चाहिए।

# 24 हफ्ते तक के गर्भपात के लिए कोर्ट की अनुमति जरूरी नहीं

### -दुष्कर्म पीड़िता के मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि दुर्व्यवहार पीड़िताओं के लिए 24 हफ्ते तक के गर्भपात (एमपीटीपी) के लिए कोर्ट की अनुमति की जरूर नहीं। यह फैसला एक दुष्कर्म पीड़िता के मामले में दिया गया, जिसका गर्भ 6-7 हफ्ते का था। कोर्ट ने एमपीटीपी के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। अगर गर्भकाल 20 हफ्ते या उससे कम है तो एक रजिस्टर्ड डॉक्टर एमपीटीपी कर सकता है। 20 से 24 हफ्ते के बीच के गर्भकाल के लिए दो रजिस्टर्ड डॉक्टरों की जरूरत होगी। 24 हफ्ते से ज़्यादा के गर्भपात मामलों में ही हाईकोर्ट का अधिकार क्षेत्र आता है, जो कानूनी तौर पर प्रतिबंधित है।

न्यायमूर्ति विशाल धगत की पीठ ने यह दिशा-निर्देश दिए। यह मामला एक दुर्व्यवहार पीड़िता का था, जिसका गर्भ 6-7 हफ्ते का था। कोर्ट ने कहा कि संबंधित थाने का एसएचओ पीड़िता की गर्भावस्था की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उसे ज़िला अदालत भेजेगा ताकि वे जल्द अपनी रिपोर्ट जमा कर सकें। यह रिपोर्ट इस बारे में होगी कि पीड़िता का गर्भपात किया जा सकता है या नहीं।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि जिला अदालत मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़िता और उसके माता-पिता को सूचित करेगी। साथ ही सीधे नजदीकी हाईकोर्ट रजिस्ट्री को रिपोर्ट करेगी। रजिस्ट्री इसे एक रिट याचिका के रूप में दर्ज करेगी और मामले को तुरंत सूचीबद्ध करेगी ताकि गर्भपात के संबंध में बिना देरी के आदेश दिया जा सकें। हाईकोर्ट के आदेश में यही लिखा है। इस मामले में अदालत ने देखा कि भ्रूण 6-7



हफ्ते का है। इसलिए एमटीपी मेडिकल कॉलेज में किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि आदेश की एक प्रति महाधिवक्ता के कार्यालय, महानिबंधक और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के प्रमुख सचिव को अनुपालन के लिए भेजी जाए। इस फैसले से दुर्व्यवहार पीड़िताओं को तुरंत मदद मिल सकेगी।

## सीएम मान के आवास पर दिल्ली पुलिस की रेड, आतिशी ने जताया विरोध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस पर छापा मारा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि बीजेपी कार्यकर्ता खुलेआम पैसे, जूते और चद्दर बांट रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इसके विपरीत, एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर पुलिस की रेड की जा रही है। आतिशी ने कहा, कि दिल्ली की जनता आगामी 5 फरवरी को इस कार्रवाई का जवाब देगी।

यहां आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग की एक टीम तलाशी के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवान मान के दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस आवास पर पहुंची है। यहां बताते चलें कि बुधवार को दिल्ली पुलिस ने पंजाब सरकार' के स्टिकर लगा एक वाहन पकड़ा था। वाहन में कैश, शराब और आम आदमी पार्टी (आप) के पर्चे होने की बात कही गई हैं। पुलिस ने इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरु की है। इससे संबंधित जानकारी एक अधिकारी ने मीडिया को दी है। उक्त आधिकारिक सूत्र का कहना है कि चुनाव आयोग के पोर्टल के माध्यम से एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कपूरथला हाउस से नकद राशि वितरित की जा रही है। इसी आधार पर जांच करने के लिए पुलिस की एक टीम वहां पहुंची।

बताया गया है कि चुनाव आयोग की फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) ने मामले की जांच करने के लिए 03 लोगों को अंदर जाने की अनुमति मांगी है। इस टीम में एक कैमरापर्सन और दो चुनाव अधिकारी शामिल हो सकते हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडेय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने के बाद एफएसटी टीम भेजी गई थी, लेकिन उन्हें अंदर प्रवेश नहीं मिला। इसलिए मैं स्वयं यहां पहुंचा हूं। हमें इस शिकायत को 100 मिनट के भीतर निपटाना होता है। हमारी टीम जांच कर जल्द ही लौट जाएगी।

**राजनीतिक विवाद गहराया**

इस घटना के बाद दिल्ली की राजनीतिक गलियारे में हलचल पैदा हो गई है। मुख्यमंत्री आतिशी के इस दावे के बाद आप और बीजेपी के बीच टकराव और बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग का अभियोग एक रणनीतिक भूल

### -फोर्ब्स लेख में कहा- अमेरिका अपनी भू-राजनीतिक स्थिति को कर रहा कमजोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अरबपति गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) का अभियोग एक रणनीतिक भूल है। इसके गंभीर भू-राजनीतिक परिणाम होंगे। भारत में एक दूरगामी अभियोग के साथ अमेरिका पश्चिम के गठबंधनों को नुकसान पहुंचाता है। यह बात फोर्ब्स में कही। एक लेख में लेखक मेलिक कायलन ने तर्क दिया कि अभियोग, जिसमें रिश्वतखोरी और वित्तीय गलतबयानी का आरोप लगाया गया है। ऐसे समय में भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचाने का जोखिम है, जब चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए वाशिंगटन एक मजबूत गठबंधन की तलाश कर रहा है।

लेख में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भारत पश्चिम के लिए एक अहम भागीदार है, खासकर भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी पहलों में एक परिवर्तनकारी बुनियादी ढांचा परियोजना, जिसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल को टक्कर देने के लिए बनाया गया है, लेकिन न्याय विभाग की कार्रवाई एक मोड़ पर आर्थिक सहयोग और विश्वास को कमजोर करती है, जो संभावित रूप से भारत को रूस और चीन के करीब ले जाती है।

फोर्ब्स के मुताबिक ऐसा करके अमेरिका अनजाने में अपनी भू-राजनीतिक स्थिति को कमजोर कर रहा है, जिससे उसके प्रतिद्वंद्वी अपने प्रभाव को मजबूत कर रहे हैं। लेख में तर्क दिया गया है कि यह अभियोग पश्चिमी अतिक्रमण का एक और उदाहरण प्रस्तुत करता है, जहां अमेरिकी सीमा-पार कानूनी कार्रवाइयां वैश्विक साझेदारी को बाधित करती हैं।

लेख में चिंता जताते हुए कहा गया है कि ऐसे कदमों से अमेरिका और यूरोप अपने सहयोगियों को कमजोर कर रहे हैं और उनके विरोधी आर्थिक, सैन्य और तकनीकी रूप से आगे बढ़ रहे हैं। लेखक ने साफ कहा है कि वे बीजिंग में हंस रहे होंगे। सारांश के रूप में लेख में कहा गया अडानी के खिलाफ न्याय विभाग की कार्रवाई न केवल एक कानूनी निर्णय है, बल्कि एक कूटनीतिक गलत अनुमान है, जो ऐसे समय में भारत को अलग-थलग करने का जोखिम उठाता है, जब वैश्विक स्थिरता के लिए पश्चिम के साथ उसका गठबंधन अहम है।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



## तीसरी शादी करने को तैयार राखी सावंत, पाकिस्तानी दूल्हे संग करेंगी निकाह!

**राखी सावंत हमेशा ही अपने ड्रामा, हरकतों को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। हाल ही में वह पाकिस्तानी गईं। वहां एक इवेंट में अपने फैंस से मिलीं। राखी सावंत ने बताया है कि वह जल्द ही शादी करने वाली हैं। यह राखी की तीसरी शादी होगी। कौन है उनका होने वाला दूल्हा?**

### डोडी खान से करेंगी शादी

राखी सावंत ने हाल ही में बताया है कि उन्हें कई रिश्ते पाकिस्तान में मिल रहे हैं। वह इनमें से किसी के बारे में सोच सकती हैं। इन्हीं रिश्तों में से एक रिश्ता डोडी खान का भी है। वह राखी को शादी के लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो बनाकर प्रपोज कर चुके हैं।

### भारत में रिस्पेशन करेंगी

राखी सावंत ने यह भी कहा है कि वह शादी करेंगी तो भारत में रिस्पेशन होगा। राखी का कहना है कि पाकिस्तान में उनके काफी फैंस हैं। साथ ही वह यह भी कहती हैं कि पाकिस्तानी और भारत के लोग एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते हैं। वह शादी करेंगी तो पाकिस्तानी में लेकिन रिस्पेशन भारत में होगा।

आगे राखी कहती हैं कि वह तो हनीमून का प्लान बना चुकी हैं। वह शादी के बाद दुबई में सेटल होने की बात करती हैं। वैसे राखी इन दिनों भारत से ज्यादा दुबई में रहती हैं, वहां उनका अपना एक घर भी है। राखी के करियर की बात की जाए तो वह बॉलीवुड में अपने आइटम डांस की वजह से चर्चा में आई थीं, कुछ फिल्मों और वेब सीरीज में भी वह एक्टिंग कर चुकी हैं। वह बिग बॉस रियालिटी शो का भी कई बार हिस्सा बनी हैं।



## कास्टिंग काउच पर बोलीं फातिमा सना शेख

आमिर खान की फिल्म दंगल में अभिनेत्री फातिमा सना शेख बेहतरीन अभिनय के कारण चर्चा में रहीं। एक इंटरव्यू के दौरान फातिमा ने अपने फिल्म इंडस्ट्री के एक्सपीरियंस को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि कैसे कास्टिंग डायरेक्टर मुंबई में अभिनेताओं का फायदा उठाते थे और अक्सर उनकी कमाई में से हिस्सा भी मांगते थे।

### कास्टिंग डायरेक्टर को लेकर बोलीं फातिमा

बॉलीवुड बबल पर बातचीत के दौरान, फातिमा ने बताया कि स्टूडियो में ऑडिशन होते थे। जब अभिनेताओं को विज्ञापन के लिए भुगतान मिलता था, तो उन्हें पता चलता था कि उनकी कमाई का एक हिस्सा उसी कास्टिंग डायरेक्टर ने रखा लिया। फातिमा ने आरोप लगाया कि सभी को अपने भुगतान का 15 प्रतिशत उन्हें देना पड़ता था, भले ही आप उन्हें जानते ही न हों।

### नए लोगों का उठाते थे फायदा

फातिमा ने कहा कि बड़े कास्टिंग डायरेक्टर इसमें शामिल नहीं थे, केवल फ्रॉड लोग ही ऐसा करते थे। वहां कई ऐसे लोग थे जो नए अभिनेताओं का फायदा उठाते थे। संघर्ष कर रहे अभिनेता इस बारे में जानते ही नहीं थे, इसलिए वो इन सब चीजों का शिकार भी हो जाते थे।


### फातिमा भी हुई शिकार

फातिमा सना शेख भी इस दौरान कास्टिंग काउच का शिकार हुईं। उन्हें साउथ सिनेमा में कास्टिंग के लिए फोन आते थे। कास्टिंग डायरेक्टर उन्हें असुरक्षित महसूस करवाते थे। वे पूछते थे, आप सब कुछ करने के लिए तैयार हैं न? मैं कहती थी कि मैं अच्छा काम करूंगी, एक किरदार के लिए जो जरूरी है वो सब मैं करूंगी लेकिन वे कहते थे कि मैं अच्छा काम नहीं कर रही। फातिमा ने बताया कि एक साउथ फिल्म में किए काम के सिलसिले में वे एक बार हैदराबाद में थीं। फातिमा सना शेख ने कहा कि साउथ के प्रड्यूस उनसे इस बारे में घुमा फिरा कर बात करते थे।

## खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं जुनैद खान



जल्द ही श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होगी। वैलेंटाइन वीक पर यह फिल्म रिलीज हो रही है। फिल्म 'लवयापा' जेनरेशन जी से जुड़ी एक लव स्टोरी है। इन दिनों खुशी और जुनैद अपनी इस अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जुनैद खान ने बताया कि वह खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं। जुनैद बताते हैं कि खुशी समय से पहले हर जगह पहुंच जाती है। अगर कहीं 7 बजे आना है तो वह एक घंटा पहले वहां पहुंच जाती है। जुनैद खान कहते हैं कि मैं भी समय से पांच मिनट पहले पहुंच जाता हूं, मैं भी एक अच्छा बच्चा हूं। लेकिन सब कहते हैं कि देखो खुशी तो कब की सेट पर आ चुकी है। खुशी कपूर ने भी बताया कि जुनैद खान को हर घंटे कॉफी पीने की आदत है। जुनैद बिना कॉफी के रह ही नहीं सकते हैं।



## 33 साल बड़े एक्टर के साथ रोमांस करेंगी मालविका

कई मलयालम और तमिल फिल्मों का हिस्सा रही हैं, उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड में भी डेब्यू किया वह जल्द ही प्रभास की रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं, जो इस साल रिलीज होने वाली है। मालविका पहली बार अपने से दोगुनी उम्र के अभिनेता के साथ स्क्रीन पर रोमांस करती नजर आएंगी। 123 तेलुगु के मुताबिक मालविका मोहनन अभिनेता मोहनलाल की 'हृदयपूर्वम' में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। मालविका और मोहनलाल की उम्र में 33 साल का फासला है। फिल्म 10 फरवरी को फ्लोर पर आएगी। अभिनेत्री के अलावा संगीता, सिद्दीकी, संगीत प्रताप, निशान, लालू एलेक्स और जनार्दन इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।


## क्या एसएसएमबी29 की शूटिंग को लेकर एसएस राजामौली ने उठाया ये कदम?

'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' जैसी साउथ फिल्मों में देश-दुनिया में फेमस करने वाले डायरेक्टर एसएस राजामौली अब एक और बिग बजट फिल्म 'एसएसएमबी29' ला रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार डायरेक्टर राजामौली ने अपनी इस फिल्म को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।

### शूटिंग को रखना चाहते हैं सीक्रेट

हाल ही में एसएस राजामौली ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'एसएसएमबी29' की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म में लीड रोल में साउथ स्टार महेश बाबू हैं, प्रियंका चोपड़ा भी इस फिल्म का हिस्सा बनी हैं। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही डायरेक्टर राजमौली इस फिल्म की शूटिंग को भी सीक्रेट रखना चाहते हैं। इससे जुड़ी कोई भी जानकारी मीडिया में लीक होने से बचाना चाहते हैं।

### क्या साइन करवाया है कॉन्ट्रैक्ट



अपनी फिल्म की शूटिंग को सीक्रेट रखने के लिए एसएस राजामौली ने एक बड़ा कदम उठाया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने अपने क्रू और एक्टर्स से नॉन डिसक्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया है। इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत किसी को भी फिल्म से जुड़ी जानकारी सेट से बाहर नहीं करनी होगी। साथ ही सेट पर अपना फोन भी नहीं लाना होगा। अभी तक इस बात की पुष्टि फिल्म मेकर्स की तरफ से नहीं की गई है। ''एसएसएमबी29' को एक जंगल एडवेंचर फिल्म माना जा रहा है। इस फिल्म का बजट भी 1000 करोड़ रुपये बता जा रहा है। इस फिल्म को देश और विदेश की कई लोकेशन पर शूट किया जाएगा। अफ्रीका के जंगलों में भी इस फिल्म की शूटिंग होगी।



## हार्टब्रेक और पार्टनर को लेकर शाहिद कपूर ने की बात

शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में अपने कामकाज के साथ निजी जीवन को लेकर भी बहुत सारी बातें की हैं। उन्होंने प्यार, हार्ट ब्रेक को लेकर भी बात की है। शाहिद ने कहा कि हमें देखना होगा कि प्यार हमारे अंदर की अच्छाई बाहर लाता है या बुराई।

### हार्टब्रेक पर बोले अभिनेता

राज शमानी के एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने अपने हार्टब्रेक पर बात की है। उन्होंने कहा, कई बार जब आपका दिल टूटता है तो आपको लगता है कि आप बिल्कुल भी अच्छे इंसान नहीं हैं। शाहिद कपूर ने कहा, जब आप किसी को बहुत प्यार करते हैं और रिजेक्ट फील करते हैं तो आप उसे पाने के लिए बहुत कोशिश करते हैं।

### प्यार के बारे में ऐसा सोचते हैं शाहिद

शाहिद कपूर ने कहा कि दिल टूटने से मिली सीख बहुत खास होती है। प्यार अपने आप में बहुत स्ट्रांग बॉन्ड है, यह पहचानना जरूरी है कि क्या रिश्ता आपके अंदर की सबसे अच्छी चीज सामने लाता है या सबसे बुरी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आखिरकार, आपको खुद के साथ रहना है।

### प्यार सिखाता है शाहिद कपूर

शाहिद ने इस इंटरव्यू में प्यार पर भी बात की। उन्होंने कहा कि प्यार ने उन्हें सिखाया, केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे व्यक्ति से कुछ नहीं मांगना चाहिए। हमें अपने पार्टनर की चीजों को भी समझना चाहिए।

### देवा में नजर आने वाले हैं शाहिद

बता दें शाहिद कपूर की फिल्मदेवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। इस फिल्म की रिलीज से पहले यह कहा जा रहा है कि फिल्म से लिपलॉक सीन हटाया गया है। यह दावा अरुण दीप नाम के एक शख्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर किया है।



## मैं आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं, किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से भी नहीं देखा

तमन्ना भाटिया ने बॉलिवुड और साउथ इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज बनाने का काम किया है। वह दोनों ही इंडस्ट्री के कलाकारों के साथ बड़ी सरलता और सहजता के साथ काम करती जा रही हैं। अदाकारा कहती हैं कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता है लेकिन ऑडियंस आपको कब अपनाएगी ये आपके हाथ में नहीं होता। शायद, इसीलिए वह कहती हैं कि ऐक्टर को अपने काम से ऑडियंस को पटाकर रखना चाहिए। बीते दिनों वह अपने पापा की जन्मस्थली लखनऊ आईं तो हमसे उन्होंने खूब बातें कीं। इस दौरान उन्होंने सफलता के मायने से लेकर दिल की कसक तक का हाल बयां किया।

### ओटीटी में कमाई के नंबरों का दबाव नहीं होता

मुझे लगता है कि हिरोइन सेंट्रिक फिल्में बहुत पहले से बनती आ रही हैं। 2024 की शुरुआत मैंने एक तमिल फिल्म आरनमनई-4 से की थी। उसने 100 करोड़ कमाए। वो थिएटर रिलीज थी और बस तमिल भाषा में ही आई थी। इसमें मेरे साथ राशि खन्ना थीं।

मुझे नहीं लगता कि ओटीटी की वजह से ज्यादा हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बन रही हैं। पहले भी श्रीदेवी, माधुरी, ऐश्वर्या को लेकर हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बनी हैं। श्रीदेवी मैम की जुदाई, इंग्लिश-विंग्लिश, मदर्स तो मुझे बहुत पसंद है। हां, यह जरूर है कि ओटीटी हमें एक्सपेरिमेंट करने का मौका देता है। ऐसी अलग-अलग फिल्में करने दे रहा है, जिनमें कमाई के नंबर्स का कोई दबाव नहीं है। यह प्लैटफॉर्म इस किस्म का दबाव कलाकारों के ऊपर से उतार देता है। ओटीटी में एक्सपेरिमेंट किए जा सकते हैं। अलग-अलग कहानियां बता सकते हैं और अलग-अलग व नए लोगों को मौका दे सकते हैं। एक सिनेमा हॉल में मास अपील होनी जरूरी है, नहीं तो वह फिल्म नहीं चलेगी। कई बार फिल्में लोगों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं लेकिन ओटीटी हर कोई अकेले या दोस्तों के साथ देखता है। आपके पास वहां पर विकल्प हैं कि आपको कौन सी फिल्म देखनी है। यह मौका बस आपको ओटीटी ही देता है।

### एक दौर के बाद ऑडियंस नहीं अपनाती है

मुझे लगता है कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता लेकिन ऑडियंस उसे कब अपनाएगी, ये उसके हाथ में नहीं होता है। एक ऐक्टर का धर्म यही है कि वो अपना काम ईमानदारी से करता जाए। यह बड़ा हास्यास्पद है कि आप शायद एक दौर में प्रासंगिक होंगे लेकिन कुछ साल बाद वही ऑडियंस आपको नहीं अपनाएगी। एक कलाकार के तौर पर आपको किसी ना किसी तरह से अपने काम से दर्शकों को पटाकर रखना होगा। लगातार उनको अपना हुनर किसी ना किसी तरह से दिखाना पड़ेगा कि आप क्या क्रांति अपने काम के साथ कर रहे हो।

### यह गलतफहमी है कि सफलता मिलेगी तो सेट हो जाऊंगा

खुशनसीब हूं कि मुझे दर्शकों का बहुत जल्दी प्यार मिल गया था। मुझे वो दिन आज भी याद है, जब मैंने अखबार खोलकर देखा और उसमें मेरे काम की बहुत तारीफ लिखी थी। मैं उसको पढ़कर परेशान हो गई कि अब क्या नया करूंगी। कैसे अपने टैलंट को बढ़ाऊंगी, ताकि जो पैरामीटर सेट किया गया है, वह बरकरार रहे। बहुत से लोगों को गलतफहमी है कि जिस दिन सफलता मिलेगी, उस दिन मैं सेट हो जाऊंगा। दरअसल, ऐक्टर की सफलता इस पर तय होगी कि अब क्या नया करोगे। सेट होने वाली सोच भ्रामक है। आप सफलता के पीछे नहीं भाग सकते। बस आप अपने ऐक्टिंग करियर पर फोकस कर सकते हैं, ताकि सफलता तक पहुंचने का रास्ता तय कर सकें। आप जो कुछ करें, उसमें आपका प्यार नजर आना चाहिए। आप पूरी तरह उसमें डूब जाएं। अब के दौर में सफलता और असफलता कोई परमानेंट रहने वाली चीज नहीं रह गई है।

### आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिली



मैं क्लासिकली ट्रेंड डांसर नहीं हूं। मन में हमेशा इसकी कसक रहेगी। मैंने तय किया है कि जब-जब फ्री रहूंगी तो थोड़ी-थोड़ी ट्रेनिंग लेती रहूंगी। मुझे लगता है कि क्लासिकल डांस की कई सारी टेक्नीक्स हैं, जो बहुत उपयोगी होती हैं। ये हर तरह से बहुत काम आती हैं। मैं हमेशा ही सेट पर उन टेक्नीक्स को सीखने की कोशिश करती हूं। इसको सीख लेने से आपकी चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। रही बिग बी की बात तो मैं आजतक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं। यहां तक कि किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से नहीं देखा है। मेरी उनसे मिलने की बहुत तमन्ना है।